ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
20 मई, 2024
वैशाख, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 209
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही




### पीएम ने झारखंड की चौथी चुनावी यात्रा में छठी जनसभा को घाटशिला में किया संबोधित

# झारखंड का नाम सुनते ही नोटों का पहाड़ दिखने लगता है: मोदी

- झारखंडियों को गरीबी में रख कर कांग्रेस और झामुमोवालों ने काली कमाई का अंबार लगा रखा है

**राकेश सिंह**

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड की चौथी चुनावी यात्रा के क्रम में छठी जनसभा को रविवार को घाटशिला में संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज संपदा में अमीर है, लेकिन फिर भी यहां इतनी गरीबी क्यों है, यह सोचनेवाली बात है। यह दुर्भाग्य है कि आज जैसे ही झारखंड शब्द आपके कान पर पड़ेगा, आपके सामने नोटों का ढेर आ जाता है। झारखंड सुनते ही नोटों का पहाड़ दिखता है। नोटों का पहाड़ खड़ा करनेवाले जेल में हैं। सेना की जमीन को हड़पने की कोशिश करनेवाले मुख्यमंत्री जेल में सड़ रहे हैं। सामान्य नागरिक को गरीबी में रख कर कांग्रेस और झामुमोवालों ने अपने घरों में काली कमाई का अंबार लगा रखा है।

**झामुमो-कांग्रेस को उद्योग से नहीं, वसूली से मतलब है :** प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि देश की प्रगति के लिए उद्योग जरूरी है। जमशेदपुर का तो नाम ही जमशेदजी टाटा के नाम से है, लेकिन कांग्रेस पार्टी उद्यम करनेवालों को देश का दुश्मन मानती है। उसके नेता खुलेआम कहते हैं, जो कारोबारी पैसे नहीं देते, हम उन पर हमला करते हैं। यानी कांग्रेस और झामुमो जैसे दलों को देश के उद्योगों से मतलब नहीं है। उन्हें अपने भ्रष्टाचार और वसूली से मतलब है। **पेज 03 भी देखें**



## कांग्रेस, झामुमो और राजद ने झारखंड को हर मौके पर लूटा

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस-झामुमो और राजद जैसी पार्टियों ने झारखंड को हर मौके पर लूटा है। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। कांग्रेस ने टू जी घोटाला किया। कोयला घोटाला किया। लूट के रिकॉर्ड बनाये। राजद ने तो रोटी तलाशनेवाले गरीबों की जमीन लिखवा ली। बदले में नौकरी का वादा किया। झारखंड में झामुमो ने वही सब राजद से सीखा है। झामुमो ने जमीन घोटाला किया। इन लोगों ने गरीब आदिवासियों की जमीन हड़पी। सेना की जमीन हड़पने की कोशिश की। इनके घरों में जो नोटों के पहाड़ बरामद हुए हैं, वे किसके हैं? इसके मालिक आप हैं कि नहीं हैं? क्या यह आपके बच्चों के हक का पैसा नहीं है? यह मेरे आदिवासी भाइ-बहनों का पैसा है। दलितों का, पिछड़ों का पैसा है। इसे इन लोगों ने लूटा है। ये लोग अपनी इस काली कमाई में से एक भी रुपया आपके बच्चों को देते क्या? लूट के अरबों-खरबों बचाने के लिए वकील को दे देंगे। फिर निकल जायेंगे, यानी ये वकील को भी लूट का ही पैसा दे रहे हैं।

## शाहजादे विरोध कर रहे हैं, कौन वहां उद्योग लगायेगा

पीएम ने कहा कि वह उद्योग की धरती पर आदिवासी भाइ-बहनों के बीच खड़े होकर कांगेस और उसके साथियों को, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और हिमाचल के मुख्यमंत्रियों को चुनौती दे रहे हैं। यह चुनावी चुनौती नहीं है। मीडिया वाले उनसे सवाल पूछें। कांग्रेस के शाहजादे उद्योगों का, उद्योगपतियों का विरोध करते हैं। कल-कारखानों का विरोध करते हैं। निवेश का विरोध करते हैं। आनेवाले दिनों में जहां इन लोगों की सरकार है, कौन उद्योगपति उनके राज्य में जाकर निवेश करेगा? ऐसे में वहां के नौजवानों का क्या होगा? निवेशक हमसे कहते हैं कि हम उन राज्यों में नहीं जायेंगे। वहां तो विरोध की विचारधारा है। उद्योगपतियों को गालियां दी जाती हैं। मैं नौजवानों से पूछना चाहता हूं कि इन शाहजादों की भाषा को सुन कर कौन उद्योगपति वहां आयेगा। वह यही सोचेगा कि जब शाहजादे की भाषा ऐसी है, तो उसका मुख्यमंत्री भी वही करेगा। आपके शाहजादे की भाषा के कारण आपके राज्य में कोई उद्योग लगाने के लिए आने को तैयार नहीं है। निवेश करने को तैयार नहीं है। हिंदुस्तान के नौजवान हमारे हैं। इसलिए कांग्रेस, टीएमसी और इंडी गठबंधन में शामिल दलों के मुख्यमंत्री स्पष्ट करें कि इस भाषा से वे सहमत हैं या नहीं।

## जिन गरीबों के ये पैसे हैं, उन्हें लौटाऊंगा

पीएम ने कहा कि मोदी इन बेइमानों के ठिकानों से पैसा बरामद करवा रहा है। लेकिन ये रुपये सरकार की तिजारी में नहीं जायेंगे, उन गरीबों को लौटाये जायेंगे, जो इसके असली मालिक हैं। मोदी इसके लिए कानूनी सलाह ले रहा है। रास्ता खोज रहा है।

### धनबाद में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए चुनाव प्रचार

# भाजपा को वोट मांगने का अधिकार नहीं : कल्पना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने कहा है कि यह भाजपा बनाम जनता का चुनाव है। जैसे बूंद-बूंद से सागर भरता है, वैसे ही इंडिया महागठबंधन केंद्र में सरकार बनायेगा। इस चुनाव में भाजपा को वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है। भाजपा अपने किये गये वादे के अनुसार पहले रोजगार दे, फिर वोट मांगे। वह रविवार को निरसा के रामकनाली काली मंदिर मैदान में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में आयोजित सभा में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि अभी तक के हुए चुनाव में जो रुझान आया है, उनमें से चार सीट इंडिया गठबंधन जीत चुका है. आप अपना आशीर्वाद महागठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह को वोट के रूप में देते हैं, तो धनबाद से गुंडागर्दी समाप्त हो जायेगी।

**संविधान बदलने का प्रयास कर रही है भाजपा :** कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा संविधान को बदलने का प्रयास कर रही है। वर्ष 2014 में जनता को भूल-भुलैया में रखकर दो करोड़ लोगों को सालाना रोजगार देने की जुमलेबाजी कर सत्ता में आयी। 2014 में किसानों की आय दोगुनी करने का झूठा सपना दिखाकर जुमलेबाजी की। पहले भाजपा वादा पूरा करे। फिर वोट मांगने के लिए आये। 10 साल से नौकरी का इंतजार कर रहे युवाओं की उम्र पार हो गयी और आज अग्निवीर लाकर युवाओं को ठगा जा रहा है। केंद्र सरकार काम करने में नहीं, जुमलेबाजी में विश्वास रखती है।

**हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में जेल में डाल दिया :** कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा ने सोचा कि हेमंत सोरेन अगर बाहर रहेंगे, तो इंडिया गठबंधन और भी मजबूत हो जायेगा. इसलिए उन्हें झूठे मुकदमे में जेल में डाल दिया गया। जनता सब बात जानती है और झारखंड की एक-एक जनता आज हेमंत सोरेन के रूप में खड़ी है। वर्ष 2014 से झारखंड में हर वर्ग त्रस्त था। 2019 में लोगों का प्यार भरा जनादेश महागठबंधन को मिला। यह बात भारतीय जनता पार्टी को हजम नहीं हुई। हेमंत सोरेन ने अपनी जान की परवाह किये बगैर बस, ट्रेन और हवाई जहाज से कोरोना काल में झारखंडियों को घर वापस लाने का काम किया।

## संताली और हिंदी में बोलीं कल्पना सोरेन

कल्पना सोरेन ने संताली और हिंदी में सभा को संबोधित किया। कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह, बेरमो विधायक अनुप सिंह, झामुमो नेता अशोक मंडल सहित अन्य के नेतृत्व में कल्पना सोरेन का भव्य स्वागत किया गया। अध्यक्षता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह और संचालन झामुमो के जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने किया। इस अवसर पर दुर्गा सोरेन सेना के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल वाल्मीकि सहित अन्य झामुमो में शामिल हुए।

## निरसा में पानी की समस्या करुंगी दूर


प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कहा कि निरसा की जनता के सम्मान के लिए कल्पना सोरेन यहां आयी हैं। अगर मैं सांसद बनती हूं, तो एक वर्ष के अंदर निरसा से पानी की समस्या दूर कर दी जायेगी। कांग्रेस पार्टी की सरकार अगर केंद्र में बनती है, तो प्रत्येक घर की एक महिला के खाते में हर वर्ष एक लाख यानी महीना में साढ़े आठ हजार रुपये दिये जायेंगे।

# हजारीबाग, कोडरमा और चतरा में मतदान आज

- गांडेय विधानसभा क्षेत्र में भी डाले जायेंगे वोट
- 54 उम्मीदवारों की किस्मत का होगा फैसला


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में सोमवार को हजारीबाग, कोडरमा और चतरा संसदीय क्षेत्रों में वोटिंग होगी। मतदान सुबह सात बजे शुरू होकर शाम पांच बजे तक चलेगा। इन तीन संसदीय क्षेत्रों में कुल 54 उम्मीदवार हैं। सबसे अधिक 22 प्रत्याशी चतरा में हैं, जबकि कोडरमा में सबसे कम 15 प्रत्याशी हैं। हजारीबाग में 17 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। इन प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला कुल 58 लाख 34 हजार 618 मतदाता कुल 6705 मतदान केंद्रों में इवीएम का बटन दबा कर करेंगे। चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए सारी तैयारियां पूरी कर लेने का दावा किया है। चुनाव कर्मियों को आवश्यक सामग्री के साथ मतदान केंद्रों पर भेजा जा चुका है।












# मोदी को देख लिया, धाम कर लिया!

## ■ पसीने से लथपथ 75 वर्ष की महिला ने हांफते और लंगड़ाते हुए कहा

## ■ मोदी को देखने आयी भीड़ इतनी, मानो पाताल से पानी का विस्फोट

## ■ 360 डिग्री तक जहां भी नजर जाती थी, हर तरफ भीड़ उफान पर थी

## ■ घाटशिला से ही मोदी ने दाग दिया झारखंड से रायबरेली तक गोला

## ■ सलाखों के पीछे मुख्यमंत्री से लेकर मम्मी की सीट तक को भेद डाला

**आजाद सिपाही विशेष**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 मई को एक बार फिर अपने दिल के सबसे करीब प्रदेश झारखंड में अपने प्यारे आदिवासी भाइयों-बहनों के बीच थे। यह झारखंड की उनकी चौथी चुनावी यात्रा और पांचवीं चुनावी रैली थी। घाटशिला की इस यात्रा में मोदी के प्रति लोगों की दीवानगी सिर चढ़ कर बोल रही थी। उनकी एक झलक पा लेना मानो किसी अलौकिक शख्सियत का दर्शन कर लेने जैसा था। यह घाटशिला की सभा में शामिल लोगों ने बताया। पीएम मोदी की इस सभा में उम्र, जाति, धर्म और लिंग का भेद मिट सा गया था। इसलिए सभा में इतने लोग शामिल हुए कि भीड़ की शुरुआत और अंतिम छोर दिखाई ही नहीं दे रहा था। जमशेदपुर के विभिन्न कोनों से तो लोग आये ही थे, पड़ोसी पश्चिम बंगाल तक से लोग केवल मोदी की एक झलक पाने के लिए यहां तक पहुंचे थे। घाटशिला जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है और यह इलाका नक्सलियों के 'जंगल महल' के नाम से जाना जाता है। लेकिन पीएम मोदी की यात्रा ने यहां की राजनीतिक परिस्थितियों को पूरी तरह उलट-पलट कर रख दिया है। घाटशिला की सभा ने भाजपा के लिए रास्ते तो आसान किये ही हैं, पीएम मोदी की लोकप्रियता पर एक बार फिर मुहर लगा दी है। पीएम मोदी की घाटशिला यात्रा को कवर करने के दौरान एकत्र अनुभव को साझा कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

देश में 20 तारीख को 49 लोकसभा सीटों पर पांचवें चरण की वोटिंग होगी और झारखंड में तीन लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण की वोटिंग होगी, यानी इन पंक्तियों के लिखे जाने से कुछ घंटे बाद। पीएम मोदी लगातार झारखंड का दौरा कर रहे हैं। पहले चाइबासा, फिर पलामू, सिसई, चतरा, गिरिडीह और शनिवार को उन्होंने घाटशिला का दौरा किया। इन दौरों में एक समानता थी। पीएम मोदी के लिए जनता की दीवानगी। भीड़ इतनी कि शुरुआत और अंत का पता नहीं। इस प्रचंड गर्मी में भी इतनी भारी संख्या में मोदी को देखने और सुनने के लिए जो जुनून जनता में दिखा, उसका असर वोटों पर भी पड़ेगा। पीएम मोदी की इन सभाओं में पुरुषों के साथ- साथ महिलाओं की भी संख्या बहुतायत में दिखी। महिलाएं दुधमुंहे बच्चों को गोद में उठाये सभास्थल पहुंची थीं। कई बुजुर्ग लाठी के सहारे मोदी की तारीफ करते पसीने से लथपथ भी मिले। बातचीत के क्रम में ग्रामीणों की जुबान पर केंद्रीय योजनाओं को लेकर मुखरता भी पायी गयी। गिरिडीह की सभा की बात की जाये, तो करीब दो लाख से अधिक की भीड़ थी। भीड़ का सैलाब क्या होता है और भीड़ बहती कैसे है, इस सभा के दौरान पाया। वहीं चाइबासा, पलामू, सिसई और चतरा की सभाओं में टेंट से चार गुणा ज्यादा भीड़ बाहर खड़ी पायी गयी थी। कई किलोमीटर पैदल चल कर लोग मोदी को सुनने पहुंचे थे। लेकिन अगर घाटशिला की बात की जाये, तो भीड़ की क्या परिभाषा भी बौनी साबित हो जाये। मानो भीड़ और गर्मी दोनों एक साथ बढ़ रही थी। सभास्थल की कुर्सियां हमारे पहुंचने से पहले ही भर गयी थीं। हम करीब सवा 10 बजे पहुंचे थे। भीड़ आती जा रही थी। भीड़ में महिलाओं की भागीदारी भी अच्छी-खासी थी। करीब तीन किलोमीटर पहले से लोग नहीं, भीड़ पैदल साभास्थल पहुंच रही थी। लेकिन भीड़ इतनी मात्रा में बढ़े जा रही थी कि उसे कई जगह रोकना पड़ा। प्रशासन से गुजारिश की गयी कि भीड़ को आने दिया जाये। उसे भी पीएम को सुनना है।



### शुरू हो गया 'जय श्रीराम' का जयकारा

जब सभास्थल पर हमने अपना स्थान ग्रहण कर लिया, तब नेताओं का भाषण चल रहा था। उस दौरान अमर कुमार बाउरी, सुदेश महतो, विद्युत वरण और अर्जुन मुंडा ने भाषण दिया। समय 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हेलीकॉप्टर दिखना शुरू हो गया। हेलीकॉप्टर की आवाज मात्र से ही 'जय श्रीराम' के नारे गूंजने लगे। मोदी-मोदी के शोर से सभास्थल गूंज गया। करीब 11 बज कर 18 मिनट पर पीएम मोदी मंच पर आये। मोदी को देख जनता 'जय श्रीराम' और मोदी-मोदी के नारे लगाने लगी। मोदी के एक-एक वाक्य पर जनता तालियां और शोर मचा रही थी। इस सभा में महिलाएं भारी संख्या में दिखीं। बुजुर्ग महिलाओं की संख्या भी बहुत थी।

### असली नजारा तो भाषण के बाद दिखा

मोदी का भाषण खत्म हुआ और सभास्थल से लोग निकलने लगे। अब असली नजारा तो यहां से शुरू होता है। भीड़ ऐसे निकल रही थी, मानों पाताल से कभी न बंद होनेवाली पानी की धार। बस निकली जा रही थी। लेफ्ट-राइट 360 डिग्री तक जहां भी नजर जा सकती थी भीड़ ही दिखाई दे रही थी। सड़क पर नजारा ऐसा कि मानो समंदर में दूर बहती लहरों की धारा। भीड़ में विकलांग भी थे, जो एक पैर के सहारे कई किलोमीटर की दूरी तय कर मोदी को देखने आये थे। पानी के लिए चापाकल भी हांफ गया था। दुकान वाले दूर से संकेत देने लगे कि पानी की बॉटल खत्म। एक दुकान में कोल्ड ड्रिंक्स मिल रहा था। वहां चीटियों की भांति भीड़। मुझे भी कोल्ड ड्रिंक पीना था। आखिरी एक पीस बचा था। ले लिया। ऐसा लगा वर्ल्डकप जीत लिया हो।

आजाद सिपाही की टीम भी भीड़ के साथ ही चल रही थी। देखना था कि इतनी गर्मी में, सिर घुमा देने वाली तपिश में भी लोग मोदी के लिए क्यों आये थे। भीड़ में सभी नहाये हुए प्रतीत हो रहे थे, क्योंकि सभी पसीने से तरबतर थे। आर्द्रता बहुत ज्यादा थी। हमारे शरीर से पसीना बहे जा रहा था। बस धीरे-धीरे सरक रहे थे। लग रहा था कि कोलकाता का दुर्गा पूजा मेला घूम रहे हों। अगर रुके, तो भीड़ एक-दूसरे के ऊपर चढ़ जाये। अचानक हमारी गाड़ी दिखी और हम उसमें जाकर बैठ गये।

### बुजुर्ग महिला के जवाब ने निरुत्तर कर दिया

थोड़ी दूर रेंगने के बाद, रेंगना इसलिए, क्योंकि सभी गाड़ियां रेंग ही रही थीं, हमें एक बुजुर्ग महिला भीड़ में दिखीं। वह महिला बहुत धीरे-धीरे भीड़ में चल रही थीं। कराह भी रही थीं। यूं कहें कि उनके लिए एक-एक कदम चलना मानो पहाड़ चढ़ने जैसा लग रहा हो। पसीने से लथपथ। हमारे सहयोगी सुनील ने उन्हें देखा और मुझसे पूछा, इन्हें गाड़ी में बिठा लिया जाये। थोड़ी दूर बाद छोड़ दिया जायेगा। मैंने कहा, बिल्कुल बिठाइये। बातचीत हुई, तो पता चला हाइवे तक जाना चाहती थीं। उनके साथ कई महिलाएं भी थीं। हमने कहा कि हम माता जी को छोड़ देंगे। फिर हमने उन्हें गाड़ी में बिठाया। पूछा कि आप इतनी कड़ी धूप में मोदी को क्यों देखने आ गयीं। आपका तो स्वास्थ्य भी खराब लग रहा था। आप हांफ रही हैं। उस महिला की उम्र 75 वर्ष होगी। उस महिला ने कहा, मोदी को देख लिया धाम कर लिया, यानी तीर्थ कर लिया। उस महिला की आंखों में मोदी के लिए अपार प्रेम समाहित था। बोलीं, देश को मोदी ही बचा सकते हैं। हमने उनको हाइवे तक छोड़ा । उन्होंने ढेर सारा आशीर्वाद दिया। इतने में उनके साथ की महिलाएं भी पहुंच गयीं। भीड़ में गाड़ी रेंग ही रही थी।

भीड़ में बातचीत के क्रम में पता चला कि लोगों में जमशेदपुर के भाजपा प्रत्याशी और सांसद विद्युत वरण महतो के लिए काफी सम्मान है। उनका मानना था कि विद्युत वरण महतो जमीनी नेता हैं। वह जनता के लिए खड़े रहते हैं। मेहनती भी हैं। उनसे शिकायत नहीं। उनकी जीत को लेकर भी काफी संख्या में लोग आश्वस्त दिखे। ऐसा नहीं था कि वे भाजपा समर्थक थे। वे आसपास से आये ग्रामीण थे और काफी जागरूक भी थे।

### प्रभावशाली था मोदी का भाषण

मोदी ने तो आधे घंटे के अपने भाषण में झारखंड से लेकर रायबरेली तक गोला दाग दिया। हेमंत सोरेन से लेकर राहुल गांधी तक को लपेटे में लिया। 'नोटों के पहाड़' से लेकर 'मम्मी की सीट' तक का जिक्र कर डाला। कह दिया कि कांग्रेस और शाहजादे की भाषा नक्सली वाली भाषा है। मोदी ने जोर दिया कि इन भ्रष्टाचारियों को नहीं छोड़ेंगे।

---

## सरकार बनते ही आदिवासियों को देंगे सरना धर्म कोड

# राहुल की गारंटी दोहरा रही हूं : सुप्रिया श्रीनेत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत रांची आयी हुई हैं। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मोदी सरकार पर हमला बोला है। सुप्रिया ने कहा है कि मोदी मुद्दे की बात नहीं करते। पहले चरण में मोदी गजनी बन गये। कहा कि मैं हिंदू-मुस्लिम करूं, तो मैं सार्वजनिक जीवन में नहीं रहूंगा। उन्होंने अपना वजूद खत्म कर लिया। वह बेरोजगारी, महंगाई पर बात नहीं करते। गरीबी पर बात नहीं करते। पीएम कहते हैं कि क्या सब लोग गरीब हो जायें। हमने तय किया कि समाधान की बात करेंगे। राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर की पदयात्रा की। किसान, श्रमिक, स्टूडेंट, महिलाओं से मिले। उनकी अपेक्षाएं, उम्मीदों, समस्याओं को सुना। ये न्याय यात्रा उसी का फलसफा है। मणिपुर से मुंबई दूसरा सफर किया। वह दो बार गये, लेकिन प्रधानमंत्री नहीं गये। 12 महीने से मणिपुर जल रहा है। उन्होंने लोगों से मिल कर जाना कि उनकी तकलीफ क्या है।

किसान, श्रमिक, युवा, महिला न्याय की बात करते हैं। 45 साल में सर्वाधिक बेरोजगारी है। युवाओं को पकौड़ा तलने के लिए कह दिया। गैस और तेल महंगा हो गया। युवा पकौड़ा भी कैसे तलेगा। हम युवाओं को 30 लाख रिक्त पदों पर 15 अगस्त से नियुक्ति शुरू करेंगे। पहली नौकरी पक्की होगी। डिप्लोमा और डिग्रीधारी एक साल के अप्रेंटिसशिप के लिए अप्लाई कर सकता है। पेपर लीक हो जाता है। आठ साल मेहनत करते हैं। उम्र निकल जाती है। हम ऐसा कड़ा कानून बनायेंगे कि पेपर लीक करने वालों की हाड़ कांप जायेगी। ठेके पर नौकरी की गलत परंपरा शुरू हुई है। देश की रक्षा और सुरक्षा भी ठेके पर है। सियाचीन की ठंड से राजस्थान की गर्मी तक में देश की सुरक्षा में लगे जवानों को चार साल की नौकरी का औचित्य क्या है। अग्निवीर योजना तत्काल खत्म होगी। पहले जैसी व्यवस्था बहाल होगी। सरकार बनते ही आदिवासियों को सरना धर्म कोड की सौगात देंगे। देश की आधी आबादी कमरतोड़ महंगाई से जूझ रही है। जीएसटी लगा कर गैर वाजिब टैक्स वसूला जा रहा है। आधी आबादी को पूरा हक देने के लिए नयी सरकारी नौकरियों में लड़कियों को 50 फीसदी आरक्षण देंगे।



# संविधान नहीं, घमंडिया गठबंधन और भ्रष्टाचारी खतरे में हैं : गौरव भाटिया

- झारखंड में भ्रष्टाचारियों की तिकड़ी जनता को लूट रही है
- जनता के पैसे का उपयोग परिवार को आगे बढ़ाने के लिए कर रहे
- झारखंड में सभी 14 सीटों पर एनडीए की होगी जीत
- धर्म के आधार पर आरक्षण देने की इजाजत संविधान नहीं देता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने 19 मई को हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में संवाददाताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड और झारखंड की जनता को हमेशा दिल में रखा। भगवान बिरसा मुंडा को आदर्श माना। जनजातीय समाज के लिए चिंतित रहें। उसे सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाये। जनता ने मन बना लिया है कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायेंगे और वह जनता की सेवा के अपने कार्य को आगे बढ़ायेंगे।

श्री भाटिया ने कहा कि चार चरण के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। इस चुनाव में एनडीए और भाजपा पिछले 10 वर्ष के विकास कार्य की रिपोर्ट कार्ड के आधार पर जनता से पुनः आशीर्वाद मांग रहे हैं। जनता ने मन बना लिया है कि इस चुनाव में भाजपा 370 से अधिक सीट जीतेगी। एनडीए 400 पार होगा। उन्होंने कहा कि घमंडियां गठबंधन में भ्रष्टाचारियों की फौज है। वे एनडीए-बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने का कुंठित प्रयास कर रहे हैं। भ्रष्टाचारियों पर प्रधानमंत्री मोदी की ईमानदारी भारी पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचारियों की तिकड़ी है। कांग्रेस, झामुमो और राजद एक साथ हैं। भ्रष्टाचारियों की तिकड़ी क्राइम मास्टर गोगो है। ये जनता को देने नहीं लेने आये हैं। बिना जनता से लिये जायेंगे नहीं।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस से सबक लिया। यही कारण है कि 10 समन देने के बाद भी इडी के पास नहीं गये। अगर भ्रष्टाचार नहीं किये हैं, तो जाकर जवाब देना चाहिए। यह जनता की कमाई है। उसे लूट कर परिवार को आगे बढ़ाने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। इनकी नीतियां झारखंड की जनता की विरोधी है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। घुसपैठियों पर लगाम नहीं है। विधि व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। राज्य सरकार ने जनजातीय समाज के लोगों की जमीन ली। इसका आवंटन जनजातीय युवाओं को करना चाहिए, ताकि वे उद्योग लगायें और आगे बढ़ें। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनजातीय समाज का हक छीन कर वह जमीन परिवार के सदस्य को आवंटित कर दी।



पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के मामले में रत्ती भर भी शर्म कांग्रेस की नहीं बची। राहुल गांधी ने इस पर एक शब्द नहीं कहा। इस्तीफा नहीं मांगा। पूरे विश्व में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचारी परिवार लालू, सोरेन और गांधी है। लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। लोकतंत्र को इनसे खतरा है। आलमगीर आलम के पीए के नौकर के घर से नोटों का पहाड़ मिलता है। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कुछ नहीं बोलते। इनका एकमात्र मकसद है परिवार का भला करो, परिवार को आगे बढ़ाओ। जनता से मतलब नहीं है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि आलमगीर आलम और हेमंत सोरेन जल्द जेल से बाहर नहीं निकाल पायेंगे। उनसे जनता का एक-एक पैसा वसूला जायेगा। इस चुनाव में भ्रष्टाचार बहुत बड़ा मुद्दा है। अरविंद केजरीवाल बेशर्म नंबर वन है। उन्हें नियमित नहीं, अंतरिम जमानत मिली है। पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी के ऊपर एक उंगली भी नहीं उठी। कोई दाग तक नहीं लगा। झारखंड की सभी 14 सीटों पर एनडीए के प्रत्याशी विजयी होंगे। इस बार बीजेपी और एनडीए को देश भर में 400 से अधिक सीटें मिलेगी।

श्री भाटिया ने कहा कि यूपीए के 10 साल के शासन में बड़े पैमाने पर घुसपैठियों को देश में घुसने दिया गया। वे देश को दीमक की तरह चाट रहे हैं। भारतीय नागरिकों का हक मार रहे हैं। वे पूरे देश की संस्कृति के लिए खतरा हैं। झारखंड में भी यही स्थिति है। जनजातीय समाज का अभिमान और संस्कृति उनसे खतरे में पड़ गया है। वे मूल रूप को बदलने का काम कर रहे हैं। जमीन हड़प रहे हैं। पुलिस में शिकायत दर्ज करने पर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति को प्रधानमंत्री मोदी ही बचाये रख सकते हैं। भाजपा ने जनजातीय समाज की महिला को राष्ट्रपति बनाया। मोदी मंत्रिमंडल में 8 मंत्री जनजातीय समाज से हैं। 12 मंत्री दलित समाज से हैं। 28 मंत्री ओबीसी और 11 महिला मंत्री है। जनजातीय समाज को शिक्षित करने के लिए पूरे देश भर में एकलव्य मॉडल के स्कूल खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 53 साल के अपरिपक्व नेता राहुल गांधी कहते हैं कि बहुसंख्यक के लिए देश में जगह नहीं है। हलाला, बहू विवाह को ठीक मानते हैं। ट्रिपल तलाक को वापस लाने की बात करते हैं। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह, राफिया नाज भी मौजूद थे।

# कांग्रेस ने उठा ली है नक्सलियों की जिम्मेदारी: पीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घाटशिला में आयोजित सभा में राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि शाहजादे की भाषा पूरी तरह नक्सली भाषा है। माओवादी की भाषा है। नक्सली बिना रंगदारी लिये किसी को काम करने नहीं देते। मोदी ने चूंकि नक्सलियों की कमर तोड़ दी है, इसलिए कांग्रेस ने नक्सलियों की जिम्मेदारी उठा ली है। ये नये-नये तरीके से रंगदारी करना, नये-नये तरीके से लूट करना, नोटों का पहाड़ खड़ा करना सही है क्या? ऐसे झामुमो-कांगेस वालों को एक भी वोट मिलना चाहिए क्या? हर बूथ में इनका सफाया होना चाहिए कि नहीं? पीएम ने कहा कि कांग्रेस जैसे दलों को कभी आपकी परवाह नहीं है। इन लोगों ने साठ साल तक गरीबी हटाओ का नारा दिया। गरीबी हटायी क्या? मोदी गरीब मां का बेटा है। गरीबी का दर्द जानता है। इसलिए मैं दस साल से गरीबी दूर करने में लगा हूं। 25 करोड़ गरीबों को गरीबी से बाहर लाया हूं। मोदी ने 52 करोड़ देशवासियों के जनधन खाते खोले। मोदी ने चार करोड़ गरीबों को पक्का घर दिया है। यह आजादी के बाद के इतिहास की बहुत बड़ी घटना है। कांग्रेस के राज में देश के 18 हजार गांव अंधेरे में थे। वहां बिजली नहीं थी। मोदी ने वहां उजाला किया। कांग्रेस ने उन्हें साफ पानी से भी वंचित रखा। मोदी है, जो हर घर को नल के माध्यम से जल पहुंचा रहा है।

**जमशेदपुर के साथ कांग्रेस ने नाइंसाफी की :** पीएम ने कहा कि कांग्रेस शासन में जमशेदपुर की भी उपेक्षा हुई। जमशेदपुर से रांची जानेवाली सड़क की क्या दुर्दशा थी, यह किसी से छिपा नहीं है। रांची से जमशेदपुर आने में छह घंटे लगते थे। हमने इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम किया। अब आधा से भी कम समय लग रहा है पहुंचने में। रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए हम लगे हैं। हम धालभूमगढ़ में एयरपोर्ट भी बनाना चाहते है, लेकिन झारखंड सरकार इसमें भी रोड़ा अटका रही है।

**परिवारवादी पार्टियां वसीयतनामा लिख रहीं :** पीएम ने कहा कि ये परिवारवादी पार्टियां देश को अपनी पर्सनल प्रॉपर्टी समझती हैं। कांग्रेस के शाहजादे वायनाड से भाग कर रायबरेली गये हैं। वह कह रहे हैं कि यह हमारी मम्मी की सीट है। अरे,जब बच्चा स्कूल में पढ़ने जाता है न, तो वह भी यह नहीं कहता कि यह स्कूल हमारे पापा का है। भले ही उसके पापा वहां से पढ़े हों। अभी शाहजादे की माताजी ने भी रायबरेली में जाकर कहा कि वह अपना बेटा उन्हें सौंप रही हैं। उन्हें रायबरेली में 50 साल तक सेवा करनेवाला एक भी पार्टी का कार्यकर्ता नहीं मिला। अब रायबरेली वाले पूछ रहे हैं कि बेटे को रायबरेली देने आयी हो। जब हम कोरोना का कहर झेल रहे थे, उस समय एक बार भी आने का मौका नहीं मिला क्या? क्या आपने उस समय एक बार भी पूछा कि आपका हाल क्या है। आज कह रही हो कि आप लोग हमारे बेटे को रायबरेली सुपुर्द कर दो। आप कल्पना कीजिए, हमारे लोकतंत्र के मंदिर हैं लोकसभा की सीटें। ये परिवारवादी लोग संसदीय सीटों का भी अब वसीयननामा लिख रहे हैं। ये वही लोग हैं, जो आपकी विरासत पर टैक्स लगाने की बात करते हैं। मतलब जीवन भर कमायेंगे आप, लेकिन आपकी कमाई आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। उसे कांग्रेस हड़पेगी। संसद की सीट इन्हें खानदानी लग रही है। वह पार्टी के कार्यकर्ता को नहीं मिलेगी। मोदी ने कहा कि ऐसी परिवारवादी पार्टियों से हमें झारखंड को बचा कर रखना है।

**ओलगुरु का तैलचित्र साथ लेकर पीएम गये :** पीएम नरेंद्र मोदी की सभा का सफल संचालन जिला परिषद की अध्यक्ष बारी मुर्मू ने किया। पीएम का स्वागत मंच पर मौजूद भाजपाइयों ने शॉल और फूलों का गुलदस्ता देकर किया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और आजसू नेता सुदेश महतो ने ओलगुरु पंडित रघुनाथ मुर्मू का तैलचित्र देकर किया। सभा को पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार, डॉ दिनेशनंद गोस्वामी ने भी संबोधित किया।




## खरसावां-गुवा में कांग्रेस ने सामूहिक नरसंहार करवाया

मोदी ने कहा कि परिवारवादी पार्टियों के गठबंधन वालों ने सबसे ज्यादा नुकसान दलित, पिछड़ा और आदिवासी समाज का किया है। खरसावां-गुवा गोली कांड को कौन भूल सकता है। कांग्रेस ने यहां सामूहिक नरसंहार करवाया था। कांग्रेस ने सिर्फ और सिर्फ एक परिवार का पाठ पढ़ाया है। मोदी ने कहा कि हमने आदिवासी गौरव के लिए दिन-रात काम किया। हम भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को पूरे देश में गौरव दिवस के रूप में मना रहे हैं। आदिवासी बेटी द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया है। और याद है न आपको कि उन्हें हराने के लिए कांग्रेस ने कोई कोर कसर नहीं रखी। आज यहां झामुमो उसी कांग्रेस के साथ खड़ी है। देश जान चुका है कि संविधान को खतरा गठबंधन है। ये संविधान बदल कर पूरा का पूरा आरक्षण मुसलमानों को देने की बात कर रहे हैं। मोदी 23 अप्रैल से ही यह चुनौती दे रहा है कि वे लिख कर दें कि गरीबों, दलितों-पिछड़ों का आरक्षण छीन कर वे मुसलमानों को नहीं देंगे। लेकिन इंडी गठबंधन वाले इस पर चुप हैं।

## आपका एक वोट देश का फैसला करेगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 25 मई को आपका एक वोट झारखंड और देश का फैसला करेगा। हमने विद्युतवरण महतो को जिम्मेदारी सौंपी है। आप इनके लिए कमल का बटन दबायेंगे। वह वोट सीधा मोदी के खाते में जायेगा। मोदी को मजबूती मिलेगी। मोदी ने भीड़ से यह वादा भी लिया कि आप ज्यादा से ज्यादा मतदान करायेंगे। दस बजे से पहले मतदान करेंगे। पहले मतदान फिर जलपान करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप मेरा एक काम करेंगे। भीड़ से हां की आवाज आते ही उन्होंने कहा कि यहां से जाकर आप ज्यादा से ज्यादा घरों में जाइये, परिवारों से मिलिये। उनसे कहिये कि मोदी जी जमशेदपुर आये थे और मोदी जी ने परिवार के सबको प्रणाम कहा है। मेरा प्रणाम कह देंगे। एक और काम करेंगे मेरे लिए? यहां हर गांव में ग्राम देवता का मंदिर होता है। आप जाकर वहां जरूर प्रणाम करना, मेरी तरफ से मत्था टेकना और कहना कि देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए परमात्मा आशीर्वाद दें।

पीएम ने सभा में बच्चों की पेंटिंग को स्वीकारा, कहा

## सभी बच्चों को पत्र लिखेंगे

बच्चों ने कहा, सपना सच हुआ

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** पीएम नरेंद्र मोदी का बच्चों के प्रति प्रेम एकबार फिर देखने को मिला। मऊभंडार ग्राउंड में सभा को संबोधित करने के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी की नजर उन बच्चों पर विशेष रूप से पड़ी, जो उनकी तस्वीर बनाकर लाये थे। मऊभंडार के ही न्यूलाइन निवासी दीपक कुमार सिंह के पुत्र अध्ययन सिंह समेत कुछ अन्य बच्चों ने काफी सुंदर तस्वीर पीएम नरेंद्र मोदी की बनायी थी। ये सभी बच्चे अपनी-अपनी पेंटिंग्स हाथों में लिये खड़े थे। पीएम नरेंद्र मोदी की नजर जैसे ही उन बच्चों पर पड़ी, उन्होंने बच्चों का आभार प्रकट करते हुए एसपीजी को निर्देश दिया कि बच्चों की पेंटिंग कलेक्ट कर लें। साथ ही बच्चों से भी कहा कि वे पेंटिंग के पीछे अपना-अपना नाम और पता जरूर लिख दें, वे सभी को पत्र लिखेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी के बच्चों के प्रति व्यवहार की सभी ने सराहना की। वहीं, बच्चे भी पीएम को पेंटिंग भेंटकर काफी उत्साहित दिखे। बच्चों ने कहा कि यह उनके लिए सपने सच होने जैसा है। इस बात पर भी खुशी जाहिर किया कि मोदी जी उन्हें पत्र लिखेंगे।



## परिवार और पैसे की राजनीति करता है झामुमो : बाबूलाल मरांडी

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** घाटशिला में प्रधानमंत्री की सभा में पीएम मोदी की मौजूदगी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झामुमो परिवार और पैसों की राजनीति में पूरी तरह लिप्त है। झामुमो सुप्रीमो को जनता से अधिक अपने परिवार और पैसे की फिक्र रहती है। बाबूलाल मरांडी ने अपना भाषण संथाली में दिया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी विद्युत बरण महतो को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

## प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासियों का मान-सम्मान बढ़ाया है : अर्जुन मुंडा

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद आदिवासियों के हित में कई काम हुए। सरकार ने आदिवासियों का मान-सम्मान भी बढ़ाया है। इस दिशा में लगातार प्रयासरत भी है।

## गरीबों की बात करती है सरकार: सुदेश

आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए की सरकार जो कहती है, वह करती है। गरीबों के हित की बात एनडीए की सरकार ही करती है। इस बार झारखंड की 14 सीट एनडीए गठबंधन की झोली में आयेगी। पूरे राज्य में एनडीए के प्रति लहर है।

## महागठबंधन सरकार दलित विरोधी: बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने झारखंड की गठबंधन सरकार को दलित विरोधी करार दिया। साथ ही कहा कि अभी मंत्रिमंडल में एक भी दलित मंत्री नहीं है। अमर बाउरी ने जमशेदपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ रहे इंडी गठबंधन के प्रत्याशी पर भी गंभीर आरोप लगाये।

## जनमुद्दों को संसद में उठाया: विद्युत वरण

जमशेदपुर लोकसभा सीट के उम्मीदवार विद्युत वरण महतो ने कहा कि उन्होंने हमेशा अपने क्षेत्र की आवाज संसद में उठायी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता कान खोलकर सुन लें कि संसद में मैंने एनएच का मुद्दा भी उठाया।

सुप्रियो ने पीएम पर साधा निशाना: घाटशिला में चुनावी सभा के बाद दी प्रतिक्रिया, कहा-

# पीएम के आने के बाद हर विस में जीत रहा गठबंधन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए आगामी 25 मई को चुनाव होना है। चुनाव को मात्र छह दिन ही बाकी है। वहीं राजनीतिक सरगर्मी भी तेज हो गयी है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमशेदपुर से सटे घाटशिला क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के लिए वोट मांगे।

इसके साथ ही उन्होंने इंडिया गठबंधन पर भी जमकर निशाना साधा। इधर, उनके प्रधानमंत्री के जाने के कुछ घंटों बाद ही केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भी भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने नरेंद्र मोदी द्वारा दिये भाषण पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 4 जून को मतगणना के बाद साफ हो जायेगा कि हिंदुस्तान की जनता क्या चाहती है।

**मीठा-मीठा गप-गप, कड़वा ना भाये :** सुप्रियो ने मुहावरे के अंदाज में कहा कि मीठा-मीठा गप-गप, जैसे कड़वा आया वैसे ही चुपचाप। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि एनएच 33 का निर्माण उनके द्वारा करवाया गया जबकि एनएच 33 का निर्माण हेमंत सोरेन की सरकार में हुआ है। इसके पूर्व पांच साल भाजपा ने झारखंड पर राज किया पर विकास के नाम पर कुछ नहीं किया। हेमंत सोरेन की सरकार बनने पर एनएच का निर्माण कराया गया।



## हर विधानसभा में एक लाख वोटों से जीत रहा गठबंधन

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मोदी जी जब-जब यहां आयेंगे तब-तब इंडी गठबंधन को मजबूती मिलेगी। पहले यह तय था कि जेएमएम हर विधानसभा में 50 हजार वोटों से जीत रहा पर अब मोदी जी के आने से यह तय है कि जेएमएम हर विधानसभा से एक लाख वोटों से जीत रहा है।

## घाटशिला में आकर घाटशिला के बारे में नहीं कहा

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री घाटशिला आये और घाटशिला के मुद्दों के बारे में भी नहीं कहा। घाटशिला में कई एचसीएल, नरवा, राखा माइंस जैसे माइंस की स्थिति के बारे में उन्होंने एक शब्द भी नहीं कहा। उन्होंने कहा कि जनसभा में जितने भी लोग मौजूद थे उनमें से कई लोग स्थानीय थे ही नहीं। सभी को बसों में भरकर ओड़िशा और बंगाल से लाया गया था।

बाघमारा में आजसू पार्टी का मिलन समारोह

# झारखंड में एनडीए गठबंधन प्रचंड विजय की ओर : सुदेश महतो

साढ़े चार साल में जेएमएम-कांग्रेस ने एक भी संकल्प को पूरा नहीं किया

जीत के प्रतिशत को बढ़ाने में पार्टी कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड में एनडीए गठबंधन प्रचंड विजय की ओर है। परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति करनेवाले इंडी एलायंस को हर तरफ जनता नकार रही है। झारखंड में भी इनका सूपड़ा साफ होना तय है। जेएमएम और कांग्रेस का चरित्र एक समान है। उक्त बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने पानी टंकी मैदान पत्थलगडिया, बाघमारा में आयोजित मिलन समारोह में कहीं। इस दौरान माले नेता अमरदीप महतो और समाजसेवी अरुण महतो के नेतृत्व में विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सदस्यता ग्रहण की। सुदेश महतो ने कहा कि इंडी एलायंस परिवारवाद का गठबंधन है। इनकी प्राथमिकता राज्य और राष्ट्र का विकास नहीं, बल्कि अपने परिवार के सदस्यों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनाने का है। ये लोग परिवार की परिपाटी को आबाद कर रहे हैं। इडी, सीबीआइ जैसी एजेंसियां भ्रष्टाचार को जनता के सामने लगातार उजागर कर रही हैं। संविधान की दुहाई देकर और अपने मेनिफेस्टो में कभी न पूरा हो पाने वाले वादों से ये लोग जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। साढ़े चार साल के अपने कार्यकाल में इन्होंने राज्य के प्रति अपने एक भी संकल्प को पूरा नहीं किया। राज्य की सभी 14 सीटों पर बड़े अंतर से जीत सुनिश्चित करना लक्ष्य है। इसी के तहत गिरिडीह लोकसभा सीट से भी पिछली बार की तुलना में हम बड़ी जीत दर्ज करेंगे। जीत के प्रतिशत को बढ़ाने में पार्टी कार्यकताओं की भूमिका अहम है। हर एक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में दृढ़संकल्पित होकर मोदी जी के द्वारा किये गये जनकल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें।

**मौके पर इनकी रही मौजूदगी :** समारोह में आजसू पार्टी केंद्रीय उपाध्यक्ष उमाकांत रजक, महासचिव रौशनलाल चौधरी, राधेश्याम गोस्वामी, सरिता देवी, सुभाष रवानी, नरेश महतो, रामशंकर तिवारी, राकेश गयाली, राजेश महतो, द्वारिका महतो समेत अन्य उपस्थित थे।



# मतदान केंद्रों पर पहुंचे मतदानकर्मी: रवि कुमार

तीन संसदीय क्षेत्रों में कुल 58.34 लाख मतदाता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि पांचवें चरण के मतदान की तैयारी पूरी हो चुकी है। सभी बूथ व्यवस्थित किये जा चुके हैं। मतदानकर्मी मतदान केंद्रों पर पहुंच चुके हैं। मतदाताओं को सुविधाजनक ढंग से मतदान केंद्र जाकर मतदान कराने के लिए तमाम उपाये किये गये हैं।

रवि कुमार रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस फेज में झारखंड के तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़े सात जिले समाहित हैं। यहां कुल 58.34 लाख मतदाता हैं। इनमें 29,99,233 पुरुष और 28,35,329 महिला मतदाता हैं। बूथों की संख्या 6705 है। इनमें 575 बूथ शहरी क्षेत्र में और 6130 बूथ ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें 73 बूथ महिलाओं, 13 बूथ दिव्यांगों और 13 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं 36 यूनिक बूथ हैं, जो उस क्षेत्र की पहचान से जुड़े होंगे।

रवि कुमार ने बताया कि पांचवें चरण में चतरा, हजारीबाग और कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सोमवार को मतदान होना है। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। जिस बूथ पर शाम पांच बजे तक मतदाता कतार में होंगे, उनके मतदान तक मतदान प्रक्रिया जारी रहेगी।




# यशस्विनी के समर्थन में प्रियंका 22 को रांची आयेंगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका वाड्रा गांधी 22 मई को रांची आयेंगी। लोकसभा चुनाव- 2024 में चौथे चरण और झारखंड के पहले चरण में राहुल गांधी की चुनावी सभा हुई थी। दूसरे चरण में मतदान वाले क्षेत्र चतरा, हजारीबाग के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनावी सभा की थी। अब तीसरे चरण के लिए झारखंड कांग्रेस ने रांची लोकसभा सीट के लिए प्रियंका गांधी ने झारखंड में रोड शो और चुनावी सभाएं कराने की योजना बनायी है। झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि कांग्रेस की स्टार प्रचारक और राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के कार्यक्रम के लिए मुख्यालय से आग्रह किया गया है। उन्होंने बताया कि 22 मई को रांची लोकसभा क्षेत्र में रोड शो और चुनावी सभा करेंगी।



# तुष्टीकरण की राजनीति ने मुसलमानों का बेड़ा गर्क किया : प्रदीप वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने जामताड़ा में कहा कि आज देश में जो स्थिति बनी हुई है, भ्रमण के दौरान देखा कि जनता कार्यकर्ता से भी आगे है। जनता में प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देखने का सपना प्रबल है। अभी तक जो चुनाव संपन्न हुए हैं, उसके हिसाब से नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों के तुष्टीकरण की राजनीति ने इस देश से ज्यादा इस देश के मुसलमान का बेड़ा गर्क किया है। कहा कि आरएसएस और भाजपा से डरा कर महज एक वोट बैंक बनाकर यहां के मुसलमान को कांग्रेस पार्टी ने अब तक रखा है। शिक्षा के क्षेत्र में, आर्थिक उन्नति के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की सुविधा यहां के मुसलमान को नहीं मिली। अब यह बात मुसलमान भी समझ रहे हैं, जिसके कारण अल्पसंख्यक समुदाय का भारी समर्थन भाजपा को मिलने जा रहा है। कहा कि बहुत ऐसे लोग हैं, जो हेमंत सोरेन के जेल जाने से नाराज हैं और उन्हें लगता है कि भाजपा ने हेमंत को जेल भेज दिया, पर वहीं इस समाज में ऐसे लोग भी हैं, जो कहते हैं कि जैसा किया है वैसा मिल रहा है। प्रदीप वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीतने के लिए प्रयोग करती रहती है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 93,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 20 मई, 2024
www.azadsipahi.in


# पीएम मोदी ने हर वर्ग के विकास के लिए काम किया : संजय सेठ

### तीसरी बार मोदी सरकार, झारखंड में मोदी लहर: सीपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय जनशक्ति मजदूर यूनियन के द्वारा भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में संकल्प सभा का आयोजन किया। संजय सेठ ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। सनातन विरोधी हैं। झारखंड की गरीब जनता की कमाई कांग्रेस के नेता के घर बरामद हो रही है। झामुमो की सरकार बनते ही झारखंड को लूट खंड बनाया। झारखंड के जल, जंगल, जमीन लूटने का काम किया। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार आदिवासी दलित विरोधी सरकार है। झारखंड के बालू पत्थर सहित खनिज संपदा की लूट मचा दी। कांग्रेस अपने शासनकाल में परिवार में ही सिमट के रह गयी। जनशक्ति मजदूर यूनियन के अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रमिक मजदूरों के लिए अनेकों काम किये। जनधन योजना, जरूरतमंदों को राशन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना के तहत समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया। इसलिए तीसरी बार मोदी सरकार की लहर है। मौके पर संजय कुमार जयसवाल, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, सत्यनारायण सिंह, कृपा शंकर सिंह, दिनेश चौबे समेत अन्य उपस्थित थे।

### सांसद संजय सेठ ने किया दौरा

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने धुर्वा, हरमू, इरगु टोली, खादगढ़ा समेत अन्य क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही गौशाला हरमू रोड में मतदाता जागरुकता अभियान में शामिल हुए। सांसद ने धुर्वा स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मॉर्निंग वाकर्स और खिलाड़ियों से मिले। कहा कि आज भारत विकसित भारत की श्रेणी में खड़ा है। आज का भारत आत्मनिर्भर भारत है। नरेंद्र मोदी के प्रयास से आज खेलो इंडिया कार्यक्रम देश के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चे आगे बढ़ सके। कार्यक्रम में उमेश यादव, सुचित्रा रानी, सागर यदुवंशी, चंदन पटेल, शिवबचन, कन्हैया सिंह, राम सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हिंदपीढ़ी आकर ऐसा लगता है परिवार के बीच हूं: यशस्विनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची की विभिन्न पंचायत और कमेटी की संकल्प सभा सह पदयात्रा रांची लोकसभा की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी शामिल हुए। यशस्विनी सहाय ने कहा कि दिल्ली का रास्ता रांची से होकर शुरू होता है और हिंदपीढ़ी से होकर रांची का रास्ता खुलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पांच गारंटी को कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पूरी तरह से लागू करेंगे। 8500 रुपया हर महिलाओं को हर माह मिलेगा। 50 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया जायेगा। हिंदपीढ़ी में आकर मुझे लगता है कि परिवार के बीच हैं। उन्होंने लोगों से अपील की की 25 मई को वोट के रूप में आशीर्वाद दें। सुबोधकांत सहाय ने कहा कि यशस्विनी सहाय को ज्यादा से ज्यादा वोट देकर लोकसभा भेजें । वार्ड 22 के पूर्व पार्षद मोहम्मद असलम ने कहा कि पिछले 10 सालों से बीजेपी की सरकार में महंगाई के कारण बच्चों का निवाला छीन गया। मौके पर पूर्व पार्षद मोहम्मद सलाउद्दीन उर्फ संजू, दीपू गाड़ी, नदीम इकबाल, नाजिया असलम, मुजीब कुरैशी, दीपू सिन्हा, मतलूब इमाम, शादाब खान, साजदा खातून समेत अन्य मौजूद थे।

# सभी के सहयोग से रोकेंगे वन भूमि का अतिक्रमण: धर्मेंद्र तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के रांची लोकसभा के प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि राजधानी के रूप में रांची कराह रही है, क्योंकि यहां की आधारभूत संरचना अधूरी है। जाम की समस्या है। एचइसी का हाल-बेहाल है। लोगों को ससमय वेतन नहीं मिल रहा है। हजारों परिवार की जिंदगी अधर में लटकी है। इस पर भाजपा को बोलना चाहिए। श्री तिवारी ने रविवार को कहा कि हाल के दिनों में जानवरों का इंसानों पर हमला इस कारण से बढ़ा हैए क्योंकि हमने उनकी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। जाहिर है, जब आप जानवरों के क्षेत्र में घुसेंगे, तो वह आप पर हमला करेगा ही। उन्होंने सामूहिक प्रयास की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि वन भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण को रोकने के लिए सभी के साथ की जरूरत होगी।

अब तो जरूरत इस बात की है कि लोग ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगायें। वनों को और ज्यादा सघन करें, ताकि पर्यावरण का स्वास्थ्य बेहतर रहे। उन्होंने कहा कि अगर रांची लोकसभा की जनता ने उन्हें सेवा का मौका दिया, तो वह सघन वनीकरण की दिशा में काम करेंगे।

# सरला बिरला विवि में राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला 14 जून से

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन को ध्यान में रखकर 14 से 17 जून तक सरला बिरला विश्वविद्यालय में होनेवाले चार दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला सह अभ्यास वर्ग को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला के संचालन समिति की बैठक हुई। एसबीयू के कुलपति प्रो गोपाल पाठक की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में आयोजन के संदर्भ में विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया और कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा तय की गयी। इस राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला में देशभर से सैकड़ों शिक्षाविद् सम्मिलित होकर गंभीर विमर्श में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। बैठक में जगराम सिंह, सुरेश गुप्ता, विनोद, डॉ राजेश्वर कुमार, प्रो अंजनी श्रीवास्तव, प्रो सविता सेंगर, प्रो रमन झा, प्रो वीके सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# सुलगना का जेइइ मेंस में बेहतर प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सेंट्रल एकाडेमी की बारहवीं की छात्रा सुलगना बसाक ने जेइइ मेंस की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। बारहवीं की परीक्षा में भी 97.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया था। प्रचार्या सुतापा भट्टाचार्य ने इस बेहतर रिजल्ट पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इतना बेहतर परिणाम सुलगना बसाक की मेहनत का फल है।

### चुनाव में सोशल मीडिया वार

# इरफान और भानु में चल रहे शब्दों के तीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोशल मीडिया पर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी और भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही एक-दूसरे पर लगातार हमला कर रहे हैं। एक दूसरे को बाहरी-भीतरी बताने को लेकर शब्द बाण छोड़े जा रहे हैं। इरफान ने भानु को टैग करते हुए कहा कि सब्र की जुबान इतनी ताकतवर होती है कि सताने वाले की नस्लें बर्बाद कर देती हैं। बाहर से आकर झारखंड में हमें आंख मत दिखाना। हम सत्कार करना भी जानते हैं तो तलवार उठाना भी जानते हैं। इरफान की बातों पर भानु ने जोरदार हमला बोलते हुए उसे बाहरी लुटेरा कहा। कहा कि मियां अगर हिम्मत हो तो अपने नेता की तुलना अपने अल्लाह से कर के देखो, फिर आपका ही समुदाय क्या हालत करता है आपका।

# श्री सर्वेश्वरी समूह ने बांटे हाथ के पंखे


आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री सर्वेश्वरी समूह की रांची शाखा ने शहर के विभिन्न स्थानों पर ताड़ के पत्ते से बने 250 हाथ पंखों का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत धुर्वा स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर से की गयी। समूह के सदस्यों ने मंदिर के बाहर बैठे असहाय और जरुरतमंदों को हाथ पंखे दिये। इसके बाद हटिया रेलवे स्टेशन के बाहर और धुर्वा बाजार के पास जरुरतमंद लोगों को भी हाथ पंखे दिये गये। इसके बाद किशोरगंज चौक, सेवा सदन, मारवाड़ी महिला महाविद्यालय सहित कई जगहों पर भी सब्जी-फल विक्रेता, रिक्शा चालकों सहित अन्य के बीच हाथ पंखों का वितरण किया गया। बता दें कि श्री सर्वेश्वरी समूह के 19 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हेमंत नाथ शाहदेव, समरेंद्र सिंह, उदय नारायण पांडेय, कीर्तिमान नाथ शाहदेव, बद्रीनाथ शाहदेव, नागदमनी नाथ शाहदेव, यदुनाथ शाहदेव समेत अन्य उपस्थित थे।

# श्याम मंदिर का आठवां स्थापना दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मोहिनी एकादशी के अवसर पर मंदिर का आठवां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भक्तों की भीड़ सुबह मंगला आरती में हुई। 8.30 बजे की श्रृंगार आरती में भक्तों का भाव देखते ही बन रहा था। 12.15 बजे की विश्राम आरती के बाद मंदिर के पट लगा दिया गया। दोपहर के बाद मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा और आचार्य ने बाबा का संध्या कालीन विशेष श्रृंगार किया। स्थापना दिवस की विशेष तैयारी मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली और अन्य ने मिलकर किया। मौके पर सुरेश सरावगी, अन्नपूर्णा सरावगी, रबड़ी प्रसाद, अन्नपूर्णा सरावगी, पंचमेवा प्रसाद, अमित मित्तल, गौरव अग्रवाल, मोनू सलज अग्रवाल, पवन शर्मा, मदन सोनी समेत अन्य उपस्थित थे।

### झमाझम बारिश से सुहाना हुआ मौसम

# 25 तक बरसेंगी राहत की बूंदें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में रविवार को दोपहर दो बजे के बाद झमाझम बारिश हुई। कुछ जगहों पर ओले भी पड़े। इसके कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। बारिश के कारण मौसम सुहाना हो गया। राज्य में 25 मई तक गरज के साथ हल्की बारिश के आसार हैं। झारखंड के पूर्वी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में 20 और 21 मई को कहीं-कहीं गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 22 मई को भी राज्य के कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ बारिश के आसार हैं। 23 मई को राज्य के पूर्वी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने राज्य में बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही 20, 21 और 22 मई को गरज के साथ बारिश, वज्रपात और तेज हवाएं चलने की आशंका जतायी है। हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा हो सकती है।

# एनटीपीसी के कर्मचारियों ने रेलवे स्टेशन पर चलाया स्वच्छता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** स्वच्छता के महत्व पर जन जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय-एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रविवार को स्वच्छता रैली का आयोजन किया। इसमें क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक अनिमेष जैन, विभागाध्यक्ष और बड़ी संख्या में कर्मचारी-परिवार के सदस्यों ने भाग लिया।

यह रैली कार्यालय परिसर से शुरू हुई और रांची रेलवे स्टेशन पर समाप्त हुई। कर्मचारियों ने रेलवे स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र में सफाई अभियान में भाग लिया। उचित अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए रेलवे स्टेशन के पास सड़क विक्रेताओं को कूड़ेदान वितरित किया गया। साथ ही हैंड सैनिटाइजर भी वितरित किये। इसमें रांची रेलवे स्टेशन प्रशासन ने सक्रिय सहयोग किया।

### उपायुक्त ने आठ को किया जिला बदर

**रांची (आजाद सिपाही)।** पुलिस की अनुशंसा पर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने आठ को जिला बदर किया है। साथ ही तीन अपराधियों को हर दिन थाने में हाजिरी लगाने का आदेश जारी किया है। आठ जिला बदर में महमूद आलम, मन्नु कुरैशी उर्फ शमशेर कुरैशी, संदीप बागे, तुलसी पाहन, सरफराज उर्फ भोलू, परवेज आलम, अली हुसैन और बुतरू उरांव शामिल है। सैयद सरताज शाह, हार्शित राज उर्फ जीत सिंह राजपूत और मौसीम अंसारी को थाना में हाजिरी लगाने का आदेश दिया गया है।

## FORMAT C-1

(For candidate to publish in newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

**(As per the jugdement dated 25th September,2018, of Hon'ble Supreme Court In Wp (civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union Of India & Anr.)**

Name and address of Candidate : **HARINATH SAHU**
**RESIDENT : VILL+POST- SUKURHUTU P.S.-KANKE, DIST- RANCHI-834006, JHARKHAND**
*Name of the political party : **LOKHHIT ADHIKAR PARTY**
*Name of the Election : **GENERAL ELECTION OF LOKSABHA 2024**
* Name of the Constituency - **08-RANCHI**
I **HARINATH SAHU**, a candidate for the above mentioned election declare for public information the following details about my criminal antecedents

(A) Pending Criminal Cases

| SI. No. | NAME OF COURT | CASE NO. AND DATED | STATUS OF CASES(S) | SECTIONS OF ACTS CONCERNED AND BRIEF DESCRIPTION OFFENCE(S) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | SRI SARTHAK SHARMA JMFC SPI. MP-MLA CASES | KANKE P.S. FIR NO- 141/2021 | CHARGES FRAMED YES DATED:- 29.04.2023 | OFFENCE U/S SEC. - 188, 269, 270 OF IPC & 51,03DISATER MANAGEMENT ACT (PROTESTED AGAINST STATE GOVT.) |

(B) Details about cases of conviction of criminal offences

| SI. No. | NAME OF COURT & DATE(S) OF ORDER(S) | DESCRIPTION OF OFFENCE(S) & PUNISHMENT IMPOSED | MAXIMUM IMPOSED |
|---|---|---|---|
| N.A. | N.A. | N.A. | N.A. |

Sd./-
Harinath Sahu

## FORMAT C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25 September. 2018 of hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 211 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr)

Name of Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**

*Name of the Election: **PARLIAMENTARY GENERAL ELECTION 2024**

Name of State/UT: **JHARKHAND**

| 1. | 2 | 3 | 4 | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SL. No. | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name Of Court. Case No. & Status Of the Case(s) | Sections of the Acts concerned & Brief Description of offence(s) | Name Of Court & Date(s) Of Order(s) | Description Of Offence(s) & Punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | 02, Dumka | NALIN SOREN | Learned Special Judge, Vigilance-cum-A.C.B., Ranchi. Special Case No. 15A of 2009. Charge Not Framed | 406, 409, 423, 424, 420, 465, 468, 467, 471 & 477A, 109, 201, and 120B IPC | N/A | N/A | N/A |
| 2 | | | Learned Special Judge, Vigilance-cum-A.C.B., Ranchi. Special Case No. 13 of 2013. Charge Not Framed | 420, 467, 468, 471 and 120B IPC | N/A | N/A | N/A |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention The election concerned in place of name of constituency.

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 38.4 °c | 24.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.24 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.05 बजे |



# ढोल-नगाड़े बजाते पीएलएफआइ सब-जोनल कमांडर लंबू के घर पहुंची पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** झारखंड में खूंटी पुलिस ने नक्सली संगठन पीएलएफआइ के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है। पिछले कुछ दिनों में पीएलएफआइ नक्सलियों की बढ़ी सक्रियता के कारण पुलिस ने संगठन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस अभियान में उन नक्सलियों की पहचान की गयी है, जो वांछित हैं और उनके इशारे पर क्षेत्र में अपराध बढ़े हैं, जिसमें बंदगांव थाना क्षेत्र निवासी सब जोनल कमांडर तीरा बोदरा उर्फ लंबू भी शामिल है।

लंबू के खिलाफ मुरहू, अड़की, बंदगांव, रनिया और गुदरी थाने में दर्जनों नक्सली मामले दर्ज हैं और वह पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस ने संगठन के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान की शुरुआत सब जोनल कमांडर के घर पर इश्तेहार चस्पा कर की। अड़की और बंदगांव पुलिस ढोल बजाते हुए कुख्यात नक्सली के गांव पहुंची और उसके घर पर इश्तेहार चस्पां किया।

मौके पर पुलिस ने नक्सली के परिजनों से कहा कि वे उससे सरेंडर करने को कहें, क्योंकि सरकार की सरेंडर नीति के तहत उसे और उसके परिजनों को लाभ मिलेगा, नहीं तो इस बार उन्हें पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। पुलिस ने नक्सली के परिजनों और ग्रामीणों से अपील की है कि वे क्षेत्र के सभी नक्सलियों और खासकर लंबू दस्ते से जुड़े लोगों को मुख्यधारा में शामिल होने को कहें, अन्यथा उन्हें मार दिया जायेगा।

डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि पीएलएफआइ संगठन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के दौरान पुलिस ने अड़की थाना में दर्ज कांड संख्या 67/23 के सिलसिले में बंदगांव थाना के जिकिलाता स्थित पीएलएफआइ सब जोनल कमांडर तीरा बोदरा उर्फ लंबू उर्फ रड़ूंग बोदरा के घर पर ढोल नगाड़े बजाये और इश्तेहार चस्पां किया। उन्होंने बताया कि उस पर आरोप है कि तिरला पंचायत अंतर्गत पुलिया निर्माण के दौरान ठेकेदार से लेवी वसूली के लिए आतंक पैदा करने को लेकर जनरेटर सहित अन्य निर्माण में लगे उपकरणों में आग लगायी थी। डीएसपी ने बताया कि पुलिस ने अब तक पीएलएफआइ संगठन और खासकर लंबू दस्ते के दो दर्जन से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।

# 30 लाख के लिए युवक का अपहरण

**पुलिस ने पांच दिन बाद सकुशल किया बरामद**

**एक आरोपी हिरासत में, अन्य की तलाश जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र में बीते 13 मई की रात दस बजे सिदरौल सिंदवार टोली से अपहृत सुकरा उरांव को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। सुकरा उरांव की बरामदगी कांके थाना क्षेत्र अंतर्गत होचर से हुई है। पुलिस ने अपहरणकर्ता प्रकाश टोपनो को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है। वहीं पुलिस के पहुंचते ही अपहरण में शामिल अन्य चार युवक फरार हो गये। फिलहाल पुलिस प्रकाश टोपनो से पूछताछ कर रही है।

बता दें जमीन की खरीद-बिक्री के पैसे को लेकर प्रकाश एवं सुकरा में विवाद हुआ था। उसके बाद 13 मई की रात प्रकाश अन्य लोगों के साथ सुकरा के घर पहुंचा एवं उसे अपने साथ ले गया। प्रकाश ने छोड़ने के बदले 30 लाख रुपये की मांग की थी। डरी सहमी पत्नी ने तीन दिन तक पति के लौटने का इंतजार किया। तीन दिन बाद भी नहीं लौटने पर स्थानीय लोगों के कहने पर 16 मई को थाना में आवेदन दिया। पुलिस ने पहले गुमशुदगी का मामला दर्ज किया, जिसे बाद में प्राथमिकी में बदला गया और शुक्रवार की देर रात सुकरा को होचर से बरामद किया गया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# कैपिटल हिल में दो दिवसीय फैशन प्वाइंट वेडिंग डायरी एग्जीबिशन का शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दो दिवसीय फैशन प्वाइंट्स वेडिंग डायरी एग्जीबिशन का रविवार को होटल कैपिटल हिल में आरंभ हो गया। इस बार फैशन प्वाइंट के इस अमेजिंग इवेंट में रांची वासियों के लिए बहुत कुछ नया लेकर आया है। बड़े-बड़े डिजाइनरों ने फैशन पॉइंट एग्जीबिशन में अपनी नयी कलेक्शन की लॉन्चिंग की। एग्जीबिशन में लायंस क्लब समर्पण की ओर से मदर्स डे का सेलिब्रेशन हुआ। जिसमें मां और बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

फैशन प्वाइंट्स की डायरेक्टर रीना अग्रवाल ने बताया यह एग्जीबिशन बिल्कुल हटकर है। डेविना दिल्ली से कोलकाता से अभिषेक राय और टिया पाखी ब्रांड आदि मोहिनी मोहन कंजीलाल एग्जीबिशन में डिजाइनरों के लेटेस्ट कलेक्शन रांची में लांच किया जा रहा हैं। एग्जीबिशन में प्रतिदिन विजिटर्स के लिए लकी ड्रॉ किया जा रहा है। जिसमें विजिटर को चांदी के सिक्के उपहार स्वरूप भेंट किये जा रहें हैं। रीना ने बताया एग्जीबिशन के कई स्टॉल चैरिटी के लिए समर्पित है।

# एसएसपी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के थाना प्रभारियों के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची लोकसभा सीट पर 25 मई को मतदान होना है। इसको लेकर एसएसपी चंदन सिन्हा ने रविवार को जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। इस दौरान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने पर चर्चा की गयी। साथ ही पुलिस बल और अर्द्धसैनिक बलों के ठहरने के लिए आवास की व्यवस्था और मूलभूत सुविधा पर विचार-विमर्श किया गया।

इसके अलावा सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, सेक्टर पुलिस बल के साथ उस सेक्टर के एक बूथ के पुलिस बल, अर्द्धसैनिक बलों के एक सेक्शन को इवीएम को सुरक्षित बूथ तक पहुंचाने और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में फोर्स का सुरक्षित मूवमेंट विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को बूथ पर प्रतिनियुक्त पुलिस बल को अपने कर्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन करने के लिए ब्रीफ करने, पोलिंग पार्टी और पुलिस बल के डिस्पैच के दिन अपने-अपने क्षेत्राधिकार में पेट्रोलिंग करने, चेक नाका लगाकर पुलिस बल के साथ संपर्क में रहकर गाइड करते हुए ससमय बूथ तक पहुंचाने सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## सीआरपीएफ के जवान ने की आत्महत्या

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के धुर्वा स्थित सीआरपीएफ कैंप 133 में पदस्थापित हवलदार बसंत कुमार ने शनिवार को सल्फास की गोली खा ली थी। इसके बाद उसे पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गयी। जवान के आत्महत्या करने की वजह सामने नहीं आ पायी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच कर रही है।

## संजय सेठ पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के चुटिया थाना में रांची लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। संजय सेठ पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ है। यह मामला दर्ज अरगोड़ा सीओ ने चुटिया थाना में दर्ज कराया है। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का शुक्रवार को चुटिया में रोड शो हुआ था। इस मामले में डीएसपी सिटी कुमार वेंकटेश रमन ने कहा कि संजय सेठ के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। उनपर सीओ अरगोड़ा ने आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## ट्रेन की यात्रा आज से होगी सामान्य

रांची (आजाद सिपाही)। रांची रेल मंडल के रांची-मुरी सेक्शन के अंतर्गत किता-गौतमधारा रेल खंड में विकास के कारण कुछ ट्रेनों को परिवर्तित किया गया था। 20 मई से यह सामान्य हो जायेगी। ट्रेन संख्या 13504 हटिया-वर्द्धमान मेमू एक्सप्रेस का यात्रा प्रारंभ 20 मई को सामान्य परिचालन होगा। ट्रेन संख्या 18602 हटिया-टाटानगर एक्सप्रेस, हटिया- खड़गपुर एक्सप्रेस, वर्द्धमान-हटिया मेमू एक्सप्रेस, टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस की यात्रा 20 मई से सामान्य होगी।

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में रांची लोकसभा में 2579 मामले दर्ज

रांची (आजाद सिपाही)। रांची लोकसभा में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एमसीसी कोषांग द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन किया जा रहा है। इधर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर कई मामले सामने आये हैं। सदर अनुमंडल रांची क्षेत्र अंतर्गत आदर्श आचार संहिता के 16 मार्च से 18 मई 2024 तक 2579 मामले दर्ज हुए हैं। रांची जिला अंतर्गत दीवार लेखन, पोस्टर-बैनर और अन्य से संबंधित कुल 2579 मामले रिकॉर्ड किये गये, जबकि प्राइवेट प्रॉपर्टी में दीवार लेखन, पोस्टर-बैनर और अन्य से संबंधित कुल 229 मामले रिकॉर्ड किये गये। वाहनों के दुरुपयोग का एक मामला दर्ज किया गया। बिना अनुमति बैठक से संबंधित कुल सात मामले आये। छह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वाहन जांच के दौरान कैश बरामदगी-नकद वितरण से संबंधित 21 मामले रिकॉर्ड किये गये। 19 के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। 13 अभियुक्तों को जिला बदर किया गया है और नौ को थाना हाजिरी करायी गयी।

## शोकसभा और ब्रह्मभोज का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शोकसभा एवं ब्रह्म भोज द्वादश कार्यक्रम किया गया। स्व. लेखानंद झा के आकस्मिक निधन हो जाने के कारण शोक सभा का आयोजन किया गया। साथ ही ब्राह्मणों को ब्रह्म भोज देकर बाबा विद्यापति स्मारक समिति ने एक नयी परंपरा की शुरूआत की है। समिति के का अध्यक्ष जयंत झा ने लेखानंद झा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन के कुछ अंश सुनाये। शोक सभा में समिति के का.अध्यक्ष जयंत झा, खुरखुर मामा, मृत्युंजय झा, संतोष मिश्रा, अनिल सिन्हा, चंदन चौधरी, विश्व मोहन झा, राधेश्याम यादव, पवन झा, अशोक झा, आशु झा, अजय झा, अमरनाथ झा, रमण कुमार झा, विनोदा नंद झा, दिलेंद्र शर्मा, श्याम किशोर चौबे, जयशंकर दुबे, इशांक झा, रंजीत लाल दास, दिलीप झा, राजेश झा अजय सिंह, रमेश भारती भानु कच्छप, विमल कच्छप, रितुनाथ झा, महिला मंडली की अध्यक्ष बिंदु झा, छवि झा आदि ने भाग लेकर द्वादश कार्यक्रम को सफल बनाया।

## अवैध निर्माण पर रोक लगाने की लक्ष्मी देवी लगाती रही गुहार और हो गयी ढलाई

रांची (आजाद सिपाही)। कांके होचर के रहने वाले प्रभु साहू की पुत्री लक्ष्मी देवी ने अपनी जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण पर रोक लगाने की गुहार लगाती रही और ढलाई हो गयी। लक्ष्मी देवी ने बताया कि हुकुमनामा से 1942 में होचर मौजा के प्लाट नंबर 1890 का 39 डिसमिल जमीन दिया गया था। चमन मुंडा के दादा भिखना मुंडा द्वारा हुकुमनामा से प्रभु साहू के दादा मधु साहू को दिया गया था। इसपर अब तक धन खेती किया जा रहा था। और प्रभु साहू के दखल में 2024 तक था। लेकिन चमन मुंडा द्वारा परमेश्वर साहू को 2024 में इस जमीन को दे दिया गया। इसके बाद परमेश्वर साहू ने इसपर काम शुरू कर दिया। 17 जनवरी.2024 को न्यायालय के शरण में गये। न्यायालय अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा 19.4.2024 को थाना प्रभारी को भूमि पर यथास्थिति बनाये रखने का पत्र जारी किया गया, लेकिन इसका तामिल नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में ग्रामीण एसपी से शिकायत करने पर कुछ घंटों के लिए काम रुक जाता है। फिर काम शुरू हो जाता है। अब इस जगह हो रहे निर्माण का ढलाई तक हो गया। रात के समय होलेजन जलाकर काम किया जा रहा था। जब धारा 144 लगा था उस समय मात्र नीव खड़ा हुआ था। आज उस जगह ढलाई हो गया है। उन्होंने कहा कि अब वह कहां जायेगी और किसके पास गुहार लगायेगी।

## युवा मतदाता जन जागरण अभियान

**रांची (आजाद सिपाही)। वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे के नेतृत्व में ब्रजभूमि अपार्टमेंट कांके रोड में युवा लड़कों और लड़कियों के साथ चाय पर चर्चा सह मतदाता जन जागरण अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया, जिसमें लड़कों और लड़कियों दोनों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे ने युवाओं से कहा कि लोकतंत्र में मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार और जिम्मेदारी दोनों हैं, हम सभी 18 वर्ष से ऊपर के भारतवासी को बढ़-चढ़कर पूरे हर्षोल्लास के साथ इस लोकतंत्र के महापर्व में अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए शत प्रतिशत मतदान करना चाहिए। और हमें सोच समझकर उस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करना चाहिए जो अपने लोकसभा क्षेत्र, राज्य और देश को विकसित समृद्ध और शक्तिशाली बनाने में ईमानदारी और अपने जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका अदा कर सके।**

# युवाओं-महिलाओं के अधिकार के लिए वोट करें : दीपक लाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिस तरह से देश में युवाओं को पढ़ाई के बाद भी बेरोजगार रहना पड़ रहा है, महिलाएं सुरक्षित नही हैं, ऐसे में अपने हक और अधिकार के लिए इंडिया गठबंधन को समर्थन दें, उनके पक्ष में मतदान करें। उक्त बातें रांची नगर निगम वार्ड संख्या 29 में बूथ कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए रांची विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक लाल ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता घर घर जा कर कांग्रेस के न्याय पत्र को बता रहे हैं और सबको उसके वोट के अधिकार को समझा रहे हैं। सभी वोटरों को घर से निकलकर वोट करने की अपील की गयी।

बैठक में कांग्रेस नेता दीपक लाल, समाजसेवी बादल सिंह, मोहम्मद तालिब अली, उमर अंसारी, शाहनवाज आलम, कृष्णा राम, दीपक वर्मा, छोटू वर्मा, इंतियाज अंसारी, राजेश तिर्की, भगवती पाठक, मोहम्मद अजहर, महफूज आलम, जायेद, तबरेज कलाम, रियाज अंसारी, सौरभ लाल, शाहनवाज, शकील अंसारी, मुन्ना अंसारी, अफरोज कुमार, हैदर, अजहर अंसारी, पप्पू खान, मिराज खान सहित अन्य उपस्थित थे।

# महिलाएं कर रहीं आंध्र प्रदेश से रांची के रास्ते बिहार में गांजा की तस्करी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नशा कारोबार में महिलाओं के गिरोह की सक्रियता बढ़ रही है। महिलाओं का एक गिरोह आंध्र प्रदेश से रांची के रास्ते बिहार में गांजा की तस्करी कर रहा है। इसका खुलासा उस समय हुआ, जब आरपीएफ की फ्लाइंग टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन पर 69 किलो गांजा के साथ तीन महिलाओं को पकड़ा। प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर चेकिंग के दौरान देखा गया कि तीन महिला भारी बैग के साथ संदिग्ध तरीके से बैठी थी।

संदेह के आधार पर उनसे पूछताछ की गयी तो उन्होंने अपना नाम बिंदु देवी, उर्मिला देवी और तेतरी देवी बताया। तीनों बिहार के भभुआ की रहने वाली है। पुलिस ने जब उनके बैग की तालाशी ली तो उनके पास से 69 किलो गांजा बरामद हुआ। इसकी अनुमानित कीमत करीब 34 लाख है। तीनों महिलाओं ने पूछताछ में बताया कि वो आंध्र प्रदेश से गांजा लेकर हटिया रेलवे स्टेशन पहुंची। इसके बाद इसको ऊंची कीमत पर बिहार में बेचा जाना था। हालांकि इससे पहले सभी महिलाएं पकड़ी गयीं।

## बच्चा चोर की कहानी, चोरी करने वाले की जुबानी

# चुटिया थाना प्रभारी ने 100 किमी छानी ओड़िशा में खाक

**तीसरे दिन मिली पुलिस को बड़ी सफलता**

**दो बजे रात में बच्चा के पास पहुंची पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन से चुराये गये 9 माह के बच्चे शुभम लोहरा की चोरी की गुत्थी एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी के द्वारा बनायी गयी पुलिस टीम ने सुलझा ली है। बच्चों को चुराने वाले गिरोह के तीन सदस्यों सहित कुल पांच को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चोर गिरोह के कटक मालगोदाम निवासी राधा साहू (38), उसका दूसरा पति पुरुलिया बंगाल निवासी अमित सनातन (36), महिला का बेटा टिक्की उर्फ सुनील (18) और बच्चा खरीदने वाली महिला ब्रह्मपुर ओड़िशा निवासी नुदरत जहां (37) और सुहाना बेगम (22) शामिल हैं। 60 हजार नगद मिला था, बच्चा चोरी करने वाले को 58 हजार ऑनलाइन दिया

पुलिस को पूछताछ में जानकारी मिली की 58500 रुपये में राधा साहू ने शुभम को चोरी करने के बाद बच्चे को नुसरत को बेचा था। नुसरत को पहले सुहाना ने संपर्क किया था। उसने बताया था कि उसकी बड़ी गोतनी को औलाद नहीं है। इसलिए उसे एक बच्चा चाहिए। इसके बाद नुसरत ने चोर गिरोह की सदस्य राधा से संपर्क किया। उसे एक बच्चा देने के लिए सुहाना ने कहा। राधा तैयार हो गयी और अपने पति अमित पाल व बेटे के साथ मिलकर योजना बनायी। फिर तीनों रांची रेलवे स्टेशन आ गये। रांची रेलवे स्टेशन पर तीनों ने मिलकर पहले ऐसे छोटे बच्चे की तलाश शुरू की जिसे चुराया जा सकता था। इसके बाद स्टेशन के पास ही आराम कर रहे लातेहार के गारू इलाके के रहने वाले प्रदीप लोहरा, उसकी पत्नी मीना और उनके साथ खेल रहा 9 महीने के बच्चे शुभम को देखा। तीनों ने मिलकर उसे टारगेट किया और उसके पास आकर बैठक गये। राधा महिला थी, इसलिए उनपर कोई शक नहीं हुआ। तीनों ने उनके बातचीत करना शुरू किया। काफी देर तक तीनों वहां बैठकर उनसे घुल मिल गये।

### चाय में नशीला पदार्थ मिला दिया

पूछताछ में राधा ने बताया कि प्रदीप लोहरा अपनी पत्नी के लिए कुछ खाने का सामान लाने गया। मौका पाकर राधा ने एक कप चाय लायी और मीना को उसमें नींद की दवा डाल पिला दी। मीना को झपकी आ गयी। वह सो गयी। इसी का फायदा उठा राधा, अमित और उसके बेटा तीनों ने मिलकर शुभम को चुराया और लेकर रांची रेलवे स्टेशन से भाग निकले।

### हटिया रेलवे स्टेशन के पास छुप गया

बच्चा चोरी करने के बाद वहां से तीनों भाग कर पहले हटिया रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां काफी देर तक बच्चे के साथ रहे, फिर ओड़िशा के लिए खुलने वाली शाम की ट्रेन तपस्विनी एक्सप्रेस पकड़ नुसरत के गांव पहुंच गये। वहां नुसरत को बच्चा सौंपा दिया। बच्चे के लिए नुसरत ने ही 58500 रुपये राधा के पति अमित को ऑन लाइन ट्रांसफर किये थे। पुलिस जांच में जुटी है कि नुसरत ने जो बताया कि उसे 60 हजार सुहाना की गोतनी ने दी थी।

बच्चा बरामदगी मामले में रांची के चुटिया थाना प्रभारी सह इंसपेक्टर उमा शंकर ने बड़ी भूमिका निभाई। ओड़िशा के कटक में चार दिनों तक करीब 100 किलोमीटर का एरिया को कभी पैदल, कभी बाइक और कभी कार से छान मारा फिर रांची पुलिस को सफलता मिली है। बताया जाता है कि जब थाना प्रभारी टेक्निकल और मानवीय सूचना पर कटक पहुंचे तो उन्होंने तीनों बच्चा चोर को पकड़ने के लिए पहले दो दिन तक रात-दिन छापेमारी की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। तीसरे दिन तीनों को 50 किलोमीटर दूर एक रेलवे स्टेशन के पास रेलवे पुलिस की सहायता से रांची पुलिस ने दबोचा।

# निशाने पर मासूम बच्चे-बच्चियां

सरकार द्वारा कानून व्यवस्था काबू में करने के प्रयासों के बावजूद देश में अपराधी तत्वों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। यहां तक कि मासूम बच्चे-बच्चियां भी आज सुरक्षित नहीं हैं। नवजात बच्चों का अपहरण करके उन्हें निःसंतान दंपतियों को बेचने, बड़े बच्चों को भिक्षावृत्ति, चोरी-चकारी जैसे अपराधों में तथा लड़कियों को वेश्यावृत्ति में धकेला जा रहा है। 24 अप्रैल को सीबीआइ ने हरियाणा एवं दिल्ली में 7 स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चला कर दिल्ली में निःसंतान माता-पिताओं के साथ लाखों रुपयों की ठगी मार चुके एक बड़े बच्चा चोर गिरोह के 7 सदस्य गिरफ्तार किये। यह गिरोह आम तौर पर फेसबुक पेज और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर विज्ञापनों के माध्यम से निःसंतान माता-पिताओं से सम्पर्क करके चुराये गये बच्चे उन्हें 4 से 6 लाख रुपये तक में बेचा करता था। अधिकारियों के अनुसार इस सर्च अपरेशन के दौरान उन्हें एक बच्चा मात्र डेढ़ दिन आयु का तथा दो बच्चे पंद्रह दिन आयु के मिले, जिन्हें यह गिरोह बेचने की फिराक में था। तलाशी के दौरान गिरोह के सदस्यों से साढ़े पांच लाख रुपए नकद जब्त किए गए। 14 मई को जयपुर रेलवे पुलिस ने रेलवे स्टेशनों आदि भीड़-भाड़ वाली जगहों से बच्चों का अपहरण करने वाले मदारी गैंग के 5 सदस्यों-मुकेश मदारी, कर्ण मदारी, अर्जुन मदारी, प्रेम मदारी तथा लज्जो को गिरफ्तार किया। पति-पत्नी, भाई और बेटों पर आधारित इस गिरोह से अधिकारियों ने 5 मई को मदारी के खेल में जमूरे के रूप में इस्तेमाल करने के लिए कोटा से अपहरण किये गये एक 4 वर्षीय बच्चे को बरामद करने के अलावा एक अन्य अपहृत 10 वर्षीय बच्चा भी बरामद किया। अधिकारियों के अनुसार गिरोह के सदस्य पहले 4 वर्षीय बच्चे को मध्य प्रदेश में भोपाल लेकर गये और वहां से जयपुर लेकर आये थे। यह गिरोह पहले बच्चों को अपने डेरों पर रख कर ट्रेनिंग देता और कलाबाजी आदि लगाना सिखा कर और उनके शरीर पर रंग-रोगन आदि लगा कर उन्हें मदारी के खेल में जमूरा बनाता था। गिरोह के सदस्य इनसे भीख मंगवाने के अलावा दूसरे अपराध भी करवाते थे। गिरोह के सदस्यों के अनुसार इसके सदस्य विवाह-शादियों वाले घरों में बर्तन मांजने और सफाई का काम भी करते हैं। 15 मई को अरुणाचल प्रदेश की पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय वेश्यावृत्ति गिरोह का भंडा फोड़ करने की जानकारी दी। इस सिलसिले में कुल 21 लोगों को पिछले 10 दिनों के भीतर गिरफ्तार किया गया। इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि आज मासूम लड़के-लड़कियां किस प्रकार समाज विरोधी तत्वों के निशाने पर आये हुए हैं। अतः माता-पिता को अपने बच्चों की सुरक्षा पर अधिक ध्यान देने, विशेषकर रेलवे स्टेशनों तथा अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है। इस बुराई पर रोक लगाने के लिए ऐसे अपराधों में संलिप्त होने वालों को कठोरतम दंड दिये जाने की भी जरूरत है।

**आज मासूम लड़के-लड़कियां किस प्रकार समाज विरोधी तत्वों के निशाने पर आये हुए हैं। अतः माता-पिता को अपने बच्चों की सुरक्षा पर अधिक ध्यान देने, विशेषकर रेलवे स्टेशनों तथा अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**2019 के लोकसभा चुनाव में सपा से गठबंधन में 19.3 प्रतिशत वोट की बदौलत 10 सीटें जीतने में सफल बसपा अकेले लड़ने पर 2022 के विधानसभा चुनाव में 12.88 प्रतिशत वोट और मात्र 1 सीट पर सिमट गयी। जो 10 सांसद जीते थे, उनमें से भी ज्यादातर इस चुनाव से पहले हाथी का साथ छोड़ गये। लोकसभा चुनाव भी बसपा अकेले लड़ रही है। अखिलेश का दावा रहा कि 'इंडिया' मायावती को प्रधानमंत्री बनाना चाहता था। तब फिर क्यों, 'बहन जी' के संबोधन से लोकप्रिय मायावती ने 'एकला चलो' का फैसला किया?**

# कुछ नेताओं का इन चुनावों में सब कुछ दांव पर

**राज कुमार सिंह**

बेशक 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव केंद्रीय सत्ता का फैसला करेंगे, लेकिन कुछ नेताओं का इनमें सब कुछ दांव पर लगा है। हार के बावजूद उनका वजूद तो बचा रह सकता है, लेकिन चुनावी राजनीति में प्रासंगिकता शायद ही बचे। उत्तर प्रदेश में मायावती ने देश के सबसे बड़े राज्य की चार बार मुख्यमंत्री बनने का करिश्मा कर दिखाया। मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में असर के चलते केंद्रीय सत्ता की चाबी भी कभी बसपा के हाथ नजर आती थी। बसपा को राष्ट्रीय दल का दर्जा मिला और मायावती प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने लगीं।

2019 के लोकसभा चुनाव में सपा से गठबंधन में 19.3 प्रतिशत वोट की बदौलत 10 सीटें जीतने में सफल बसपा अकेले लड़ने पर 2022 के विधानसभा चुनाव में 12.88 प्रतिशत वोट और मात्र 1 सीट पर सिमट गयी। जो 10 सांसद जीते थे, उनमें से भी ज्यादातर इस चुनाव से पहले हाथी का साथ छोड़ गये। लोकसभा चुनाव भी बसपा अकेले लड़ रही है। अखिलेश का दावा रहा कि 'इंडिया' मायावती को प्रधानमंत्री बनाना चाहता था, तब फिर क्यों, 'बहन जी' के संबोधन से लोकप्रिय मायावती ने 'एकला चलो' का फैसला किया?

**सत्ता की इस चाबी का भविष्य भी इन चुनावों में तय हो जायेगा।**

पिछले लोकसभा चुनाव में अगर सपा-बसपा-रालोद गठबंधन 15 सीटें जीतने में सफल हो गया था, तो बदलते राजनीतिक परिदृश्य में इस बार कांग्रेस के भी साथ होने पर 'इंडिया' उस उत्तर प्रदेश में बड़ी छलांग लगा सकता था, जो भाजपा का सबसे बड़ा शक्ति स्रोत है। इसीलिए बसपा पर भाजपा की 'बी-टीम' होने का आरोप है। अपने आक्रामक भतीजे आकाश आनंद को बीच चुनाव उत्तराधिकारी के साथ ही नेशनल कोआर्डिनेटर पद से हटाने को भी मायावती की अबूझ राजनीति से जोड़ कर देखा जा रहा है। बसपा की चार दशक की राजनीतिक कमाई क्यों दांव पर लगायी, यह तो मायावती बेहतर जानती होंगी लेकिन सिमटता जनाधार उन्हें चुनावी राजनीति में अप्रासंगिक बना रहा है।



**ऐसी ही चुनौती बिहार में चिराग पासवान के समक्ष है। रामविलास पासवान, लालू यादव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी चौधरी चरण सिंह की अगुवाई वाली लोकदली-समाजवादी राजनीतिक धारा से निकले। नीतीश की राजनीति लंबी नहीं बची। लालू के वारिस के रूप में तेजस्वी ने खुद को स्थापित कर लिया है, लेकिन मायावती के अलावा उत्तर भारत में दूसरे बड़े दलित चेहरे के रूप में उभरे पासवान की विरासत पर संकट है।**

राष्ट्रीय लोकदल का भी सब कुछ इस चुनाव में दांव पर है। प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से मतभेदों के चलते कांग्रेस से अलग भारतीय क्रांति दल बनाने वाले चौधरी चरण सिंह बाद में प्रधानमंत्री भी बने। हार-जीत होती रही, दल का नाम भी बदलता रहा, पर उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा से भी आगे पंजाब, मध्य प्रदेश और ओड़िशा तक फैले उनके जनाधार और क्षत्रपों पर सवालिया निशान नहीं लगा। उनके निधन के बाद, खास कर मंडल-कमंडल के राजनीतिक ध्रुवीकरण के चलते वह जनाधार उनके बेटे अजित सिंह के जीवनकाल में ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों तक सिमट गया। अजित के बेटे जयंत चौधरी में चरण सिंह की छवि देखने वालों को उम्मीदें बहुत थीं, पर उन्होंने जिस तरह विपक्ष से पलटी मार कर मात्र दो लोकसभा सीटों के लिए सत्तापक्ष का दामन थाम लिया, उसके नतीजे किसान राजनीति के सबसे बड़े चौधरी की विरासत का भविष्य भी तय कर देंगे।

ऐसी ही चुनौती बिहार में चिराग पासवान के समक्ष है। रामविलास पासवान, लालू यादव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी चौधरी चरण सिंह की अगुवाई वाली लोकदली-समाजवादी राजनीतिक धारा से निकले। नीतीश की राजनीति लंबी नहीं बची। लालू के वारिस के रूप में तेजस्वी ने खुद को स्थापित कर लिया है, लेकिन मायावती के अलावा उत्तर भारत में दूसरे बड़े दलित चेहरे के रूप में उभरे पासवान की विरासत पर संकट है। पहले लोक जनशक्ति पार्टी भाई और भतीजे के बीच बंट गयी, तो अब चुनावी परीक्षा है।

चुनाव केंद्र की सत्ता के लिए हैं, पर महाराष्ट्र की राजनीति पर भी परिणामों का गहरा असर होगा। शिवसेना तोड़ कर भाजपा की मदद से मुख्यमंत्री भी बन गये एकनाथ शिंदे की असली परीक्षा इन चुनावों में है। बेशक सांसदों-विधायकों का बहुमत उनके साथ गया, चुनाव आयोग ने उनके गुट को शिवसेना भी मान लिया, पर जन समर्थन का पता चुनावों में चल जायेगा। यही हाल अजित पवार का है। पांच सालों में अपने चाचा शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी 2 बार तोड़ कर भाजपा की मदद से उप मुख्यमंत्री बनने वाले अजित महाराष्ट्र की राजनीति के 'दादा' बन पाये हैं या नहीं, फैसला चुनावों में हो जायेगा।

अगर वे चुनावी परीक्षा में फेल हो गये, तो भाजपा उनका बोझ नहीं ढोयेगी, क्योंकि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव भी इसी साल अक्टूबर में हैं। अक्टूबर में ही हरियाणा में भी विधानसभा चुनाव होने हैं, जहां पिछली बार भाजपा बहुमत से चूक गयी और सत्ता की चाबी नयी बनी जननायक जनता पार्टी के हाथ चली गयी। उस चाबी के सहारे 10 विधायकों के नेता दुष्यंत चौटाला उप मुख्यमंत्री बन गये, लेकिन इसी साल मार्च में अचानक हुए मुख्यमंत्री- परिवर्तन के क्रम में वह गठबंधन भी टूट गया। दोस्तों में दूरियां इतनी बढ़ीं कि बात भाजपा सरकार गिराने के लिए कांग्रेस से भी हाथ मिलाने तक पहुंच गयी है, जबकि खुद अपनी पार्टी बिखराव के कगार पर है। सत्ता की इस चाबी का भविष्य भी इन चुनावों में तय हो जायेगा।

## जमशेदपुर की खबरें

# कुणाल षाड़ंगी ने भाजपा प्रवक्ता पद से दिया इस्तीफा

**आजाद सिपाही संवाददाता**


**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान घाटशिला में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल सारंगी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यह जानकारी रविवार को उन्होंने पत्रकारों को दी। वैसे कुणाल सारंगी काफी तेज तर्रार राजनेता है। वे पूर्व में बहरागोड़ा से झामुमो में विधायक रह चुके है। कुणाल सारंगी ने भाजपा में आने के बाद काफी दिनों से खुद को अलग महसूस कर रहे थे। रविवार को उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को इस्तीफा सौंप दिया। इससे पूर्व श्री सारंगी ने व्यक्तिगत रूप से प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर और फोन पर भी लगातार जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि बीते लगभग 4 महीना से स्थानीय भाजपा संगठन के द्वारा साजिश के तहत एक सुनियोजित तरीके से अपमानित करने का प्रयास किया जा रहा था। साथ ही जानबूझकर पार्टी कार्यक्रमों से दूर रखा जारहा था। उनके साथ पूर्वी सिंहभूम जिले में उनके समर्थको के साथ भी वैसा ही रवैया अपनाया जा रहा है। इसकी सूचना प्रदेश के संगठन महामंत्री और वर्तमान प्रदेश प्रभारी को काफी दिनों पूर्व दी गई थी। लेकिन किसी तरह का कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इतना ही नही प्रधानमंत्री के आगमन पर भी उन्हें पूरे सभा से दूर रखा गया, जिससे आहत होकर पद से इस्तीफा देना पड़ा।



# टाटा स्टील के डंपिंग यार्ड में हुए दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** टाटा स्टील के डंपिंग यार्ड में हुए दोहरे हत्याकांड के आदित्यपुर पुलिस ने खुलासा कर दिया। रविवार को पुलिस ने पे लोडर चालक अभय सिंह हत्याकांड के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी मे 22 वर्षीय बादल गोप व 19 वर्षीय विश्वास मुखी उर्फ बोका शामिल है। पुलिस के अनुसार बादल गोप एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। इससे पूर्व तीन बार जेल जा चुका है। दोनों की गिरफ्तारी बागानपाड़ा से की गयी। पुलिस के अनुसार चालक हत्याकांड में कुल 7 अपराधियों के नाम सामने आए हैं। इनमें से दो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। अन्य पांच की तलाश जारी है। थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह ने घटना में मारे गये कथित चोर गोविंदा कालिंदी उर्फ गोगो की मौत सिक्योरिटी गार्ड के गोली से हुई है। जल्द ही सिक्योरिटी गार्ड को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि पहले गोगो की गोली लगने से मौत हुई थी। उसी का बदला लेने सभी सातों अपराधी डंपिंग यार्ड में घुसे थे। जहां पेलोडर चालक अभय सिंह की पीट- पीट कर हत्या कर दी। मामले में पेलोडर चालक की पत्नी के बयान पर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कराई है। फिलहाल हत्या मामले में अनुसंधान जारी है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।



# भाजपा को विकास नहीं सिर्फ जुमलेबाजी पर विश्वास : मंगल कालिंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव अब मात्र 6 दिन ही बचा है। इंडिया गठबंधन की जीत के लिए झामुमो के सभी विधायक अपने क्षेत्र में आम लोगो के बीच लगातार जनसंपर्क अभिनय चला रहे है। वही लोकसभा प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती ने गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ जनता से सीधे संवाद कर विस्वास जताते हुए समर्थन मांग रहे है। उन्होंने प्रत्येक दिन सुबह से देर रात तक जिले में एक एक जनता से मिल रहे। साथ ही लोगो का आपार श्रद्धा भाव व समर्थन मिल रहा है। रविवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने परसुडीह बाजार में पदयात्रा कर लोगों से समर्थन मांगा। साथ ही चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। पदयात्रा के दौरान जगह-जगह स्थानीय लोगों ने विधायक मंगल कालिंदी को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। वही परसुडीह गोरी भवन प्रांगण मे उत्तरी करनडीह पंचायत के मुखिया सिनी सोरेन के नेतत्व में आयोजित बैठक में विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। विधायक ने कहा कि भाजपा वालों को क्षेत्र का विकास से कोई लेना देना नहीं। उन्हें जुमलेबाजी पर विश्वास है। लेकिन चुनाव में जनता ही सर्वपरि है। जनता को खुद को समझना होगा। विधायक श्री कालिंदी ने कहा वैसे झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के समर्थन में जिस गली मोहल्ले में जा रहे लोगो का भरपूर प्यार, स्नेह और विस्वास देखे को मिल रहा है। ऐसे प्रतीक हो रहा है लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत तय है। भीषण गर्मी में इंडिया गठबंधन के नेता व कार्यकताओं की मेहनत भी जिले के जनता देख रही है। मौके पर जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा मलिक, मिथुन चक्रवर्ती,देबजीत चटर्जी, सगेनपूर्ति, जितेंद्र सिंह, मानिक मलिक, नागि मुर्मू,जय किसन सहित सैकड़ो इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी शामिल रहे।



# झामुमो में मुझे तवज्जो नहीं दी गयी: सीता सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** क्षेत्र के समुचित विकास के लिए अपने मताधिकार को समझे और मतदान करें, विकास के लिए कमल फुल में मतदान करे, उक्त बातें भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने प्रखंड के शहरजोडी हाटिया के पास जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के दौरान कही। जिला प्रशासन के द्वारा जनसभा के लिए अनुमति नहीं मिलने के कारण जनसभा नहीं हो सकी। जबकि दुमका जिला के काठीकुंड प्रखंड के शहरजोडी खेल मैदान में रविवार को भाजपा कार्यकताओं के द्वारा आदिवासी सम्मेलन मंच का आयोजन किया गया। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन के सरकार में हर क्षेत्र में बिचौलिया हावी रहा, यही कारण है कि लुट- खसोट ज्यादा हुई। ऐसा स्थिति की मंत्री के नौकर के पास ईडी ने करोड़ रुपए जब्त किया। उन्होंने कहा कि मुझे अपने परिवार और पार्टी में सम्मान नहीं दिया गया। जबकि स्व दुर्गा सोरेन ने झारखंड अलग राज्य अलग करने के लिए दिल्ली तक लड़ाई लड़ी, इसके बावजूद भी मुझे परिवार और पार्टी में तवज्जो नहीं दिया गया, जिस कारण मैं त्रस्त होकर भाजपा में शामिल हुए। हेमंत सरकार ने बेरोजगार भत्ता देने का आश्वासन दिया लेकिन अब तक नहीं किया, यहां तक नौकरी देने का वादा भी पुरी नहीं कर सका। झामुमो ने जिससे लोकसभा का प्रत्याशी बनाया गया है वह अपने विधानसभा क्षेत्र में 35 साल तक राज्य किया, बावजूद विकास ढाक के तीन पात, क्षेत्र का विकास ना करके अपने खुद का विकास किया। लोकसभा चुनाव जीतकर दिल्ली में क्षेत्र के लिए क्या करेगा। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख बिमला नीपू सोरेन, प्रखंड अध्यक्ष लालचंद पाल,विनोद मंडल, उमाशंकर भगत, अभिजीत सुमन, विनोदांस हेम्बरम, बीनु, परितोष सोरेन, संतोष सोरेन, उपप्रमुख अलबिनुस किस्कू, बाले , समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# कोचिंग संचालक को पुलिस ने यौन शोषण के आरोप में किया गिरफ्तार




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के आर आई टी थाना अंतर्गत वास्तु बिहार के रहने वाले एनआईटी के पूर्व छात्र यौन शोषण के आरोप में कौशल किशोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जा रहा है कौशल किशोर आदित्यपुर लंकेश टावर में चंद्रयान नामक एक निजी कोचिंग सेंटर चलाते हैं। जहाँ 19 वर्षीय रिसेप्शनिस्ट भी काम करती थीं। उन्होंने कौशल किशोर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। रविवार को पुलिस ने मेडिकल जांच के बाद 164 के बयान दर्ज कर आरोपी की हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उधर पूरे मामले में कई सारे सवाल उठ रही है। सूत्रों की माने तो इस कांड में अन्य व्यक्तियों का नाम भी सामने आ रहा हैं। मिली जानकारी के अनुसार कोचिंग सेंटर में सचिन मैनेजर पद पर है। वहीं शिखा नाम की एक युवती भी काम करती है।

सचिन और शिखा लिव इन रिलेशन होने की बात सामने आ रही हैं। सभी आरआईटी थाना के वास्तु विहार के समीप स्थित एक अपार्टमेंट में किराए के मकान में रहते हैं। बीते दिनों वहां एक पार्टी रखी गयी थी। उसमें पीड़िता भी शामिल हुई थी।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की फंडिंग राशि में गड़बड़झाला

# जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी : जागो महतो

**मामले में बीडीओ जागो महतो ने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां तक गड़बड़ घोटाला की बात है तो इसकी प्रमुखता के साथ जांच करायी जायेगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।**

जितेंद्र यादव




**डंडई (आजाद सिपाही)।** वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रखंड क्षेत्र में संपन्न हुए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर फंडिंग हुई राशि में गड़बड़ घोटाला का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि उक्त मद में प्रखंड के प्रति पंचायत 16हजार रुपए के अनुसार कुल 1लाख छियालीस हजार रुपये का भुगतान वाउचर नंबर 34 ट्रेजरी बिल नंबर 67 के तहत वेंडर शिवम ट्रेडर्स के खाते में किया गया था। वहीं राशि भुगतान हुए लगभग 2 वर्ष का समय बीत गया, लेकिन अभी तक वह राशि पंचायत के मुखिया को नहीं मिल सका।

मामले को लेकर उन में भारी आक्रोश व्याप्त है। मुखिया मुनिता देवी, महेंद्र चौधरी, धनवंती देवी, बच्चा लाल गुप्ता, प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ठाकुर, विष्णु यादव, ललन चौधरी ,अजय पासवान इत्यादि ने बताया कि प्रखंड के पदाधिकारीयों के निर्देश पर हम सभी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के लिए अपने-अपने पॉकेट का पैसा लगाकर टेंट से लेकर खान-पान और जलपान तक की व्यवस्था स्थल पर किये थे। इस दौरान हम लोगों के पॉकेट में 40 से 50000 रुपये की राशि खर्च हो गया था। वहीं उन्होंने कहा कि पदाधिकारीयों के द्वारा हम लोगों को पूरा आश्वासन दिया गया था कि भविष्य में टेंट मद की राशि आप लोगों को मिल सकता है। उसी आश्वासन पर हम सभी कार्यक्रम को सफल संचालन के लिए कार्यक्रम में उपयोग होने वाले सभी तरह के सामग्रियों के लिए पॉकेट का पैसा खर्च करना शुरू कर दिये। साथ ही कहा कि वेंडर शिवम ट्रेडर्स के खाते में उक्त मद की राशि कब आया है उसके बारे में अभी तक हमलोगों को न तो कुछ पता है और न ही अभी तक उनके द्वारा बताया ही गया है कि टेंट मद की राशि मेरे खाता में भुगतान हुवा है। उन्होंने कहा कि बेवजह के खर्च हुए राशि में अगर सिर्फ टेंट मद की भी राशि हम लोगों को मिल जाता तो वह बच्चो की पढ़ाई और लिखायी के साथ साथ अन्य कार्यों में वह बहुत काम आ जाता। लेकिन अभी तक वह राशि हमलोगों से काफी दूर रह गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि 2023/24 में संपन्न हुए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर सरकार की ओर से जो राशि भुगतान किया गया था वह हम लोगों को मिलना शुरू हो गया है। इस बीच कई पंचायत के मुखिया के द्वारा उक्त राशि को प्राप्त भी कर लिया गया है। जबकि कुछ लोग अभी भी बच्चे हुए हैं धीरे-धीरे वे सब भी उक्त राशि को प्राप्त कर लेंगे।

# गढ़वा-कांडी निर्माणाधीन सड़क पिछले कई वर्षों से बन रही है, जिसका निर्माण आज भी अधूरा

**स्वयं सेवी संस्था दृष्टियूथ ऑर्गनाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने कहा कि कांडी बाजार मुख्य सड़क में चौड़ीकरण के साथ सड़क निर्माण हो, साथ में नाली का भी निर्माण किया जाना चाहिए**

**इस संबंध में विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि कांडी में जितना सड़क बनना था बन चुका, इससे अधिक और सड़क नहीं बनेगी और कांडी बाजार में पुरानी ही सड़क रहेगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** गढ़वा-कांडी निमार्णाधीन सड़क पिछले कई वर्षों से बन रही है, जिसका निर्माण आज भी अधूरी है। पीडब्ल्यूडी विभाग से उक्त सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन कांडी बाजार क्षेत्र में लगभग एक किलोलिटर लंबाई में सड़क का निर्माण नहीं किया गया है आज भी अधूरा है। इसके पिछे कौन सा कारण है कि कांडी बाजार क्षेत्र में उचित होटल के सामने से जमा दो उच्च विद्यालय तक सड़क का निर्माण कार्य शुरू नही हुआ। इसके आगे पीछे सड़क का निर्माण पूरा कर लिया गया है। जबकि इसी सड़क अंतर्गत मझिआंव बाजार क्षेत्र में निर्माण पूरा कर लिया गया है। सड़क का निर्माण कार्य नहीं होने से बाजार क्षेत्र में सड़क गढ्ढे में है और सड़क किनारे जो नाली बनी है, वह सड़क से ऊंचा है जिस कारण सड़क में पानी जमा रह जाता है। अगर नाली से सड़क ऊंचा होता तो बरसात व दूसरा पानी सड़क के बीच में जमा नहीं रहकर नाली के माध्यम से बह जाता। लगभग एक किलोमीटर की लंबाई में सड़क निर्माण नहीं होने से यहां पर सड़क की चौड़ाई भी कम है। जिस कारण प्रायः सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है। इस संबंध में स्वयं सेवी संस्था दृष्टियूथ ऑर्गनाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने कहा कि कांडी बाजार मुख्य सड़क में चौड़ीकरण के साथ सड़क निर्माण हो, साथ में नाली का भी निर्माण किया जाना चाहिए। क्योंकि गर्मी के समय में भी घर और होटल के पानी का निकास सीधे सड़क तक आता है, जिससे आवागमन में राहगीरों को परेशानी होता है। इससे संबंधित गढ़वा पथ निर्माण के उच्च अधिकारियों से संपर्क करके अभी तक अधूरा निर्माण को लेकर सवाल करूंगा और कार्य में तेजी लाने का आग्रह करूंगा।

इस संबंध में विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि कांडी में जितना सड़क बनना था बन चुका, इससे अधिक और सड़क नहीं बनेगी। कांडी बाजार में पुरानी ही सड़क रहेगी।

## सरस्वती विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर में नवम बोर्ड का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा

आजाद सिपाही संवाददाता




**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर का नवम बोर्ड परीक्षाफल झारखंड अधिविध परिषद, रांची द्वारा प्रकाशित में विद्यालय के भैया-बहनों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। नवम बोर्ड की इस परीक्षा में कुल 102 भैया-बहन सम्मिलित हुए, जिनमें 26 भैया पांचो मुख्य विषयों में ए ग्रेड मार्क्स लेकर उतीर्ण हुए। भैया बहनों के इस सफलता पर विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, सचिव रवि प्रकाश, सहसचिव अनिल विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार और विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक व आचार्य बंधु भगिनी ने उत्तीर्ण भैया बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं के साथ बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बेहतर परिणाम लाने वाले भैया-बहनों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी भैया-बहन बेहतर परिणाम लाकर उत्तीर्ण हुए हैं। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं, लेकिन आपको और बेहतर परिणाम लाने हैं। इसके लिए आप कठिन परिश्रम करना जारी रखें। इस परीक्षा परिणाम के मौके पर विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

## छेड़छाड़ मामले में तीन गिरफ्तार



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। मकरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धनंजय साह के पुत्री के साथ छेड़ छाड़ करने और विरोध करने पर जानलेवा हमला के मामले में लड़की अंजली कुमारी के द्वारा दिये आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए तीनों युवकों चंदन यादव पिता बिसंभर यादव, सोनू कुमार पिता विष्णु यादव, यशवंत यादव पिता नगीना यादव सभी केतार के चाचेरिया निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जबकि घटना में शामिल बोलेरो गाड़ी को जब्त कर थाना ले आया गया है।**

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

**भंडरा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा बेड़ो मुख्य सड़क पर स्थित भंडरा के पास रविवार को सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज किया। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार गुमला जिले के सिसई गांव निवासी सोमा उरांव के 18 वर्षीय पुत्र अजय उरांव अपनी बाइक से सिसई से लोहरदगा जा रहा था, इसी बीच भंडरा मैना बगीचा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो कार ने बाइक को सीधी ठोकर मार दी।**

## आज नाई समाज विकास से कोसों दूर : रविंद्र नाथ

**नाई संघ ट्रेड यूनियन की बैठक में लिये गये कई निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन की एक बैठक गढ़वा जिला के बरडीहा प्रखंड के बरछाबांध में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अनुज कुमार ठाकुर और संचालक धर्मेंद्र ठाकुर ने किया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन के प्रमंडलीय अध्यक्ष रविंद्र नाथ ठाकुर उपस्थित हुए। बैठक में समाज में एकजुटता लाने के लिए और समाज को सही दशा व दिशा प्रदान करने के लिए बरछाबांध ग्राम कमेटी बनायी गयी।

लोगों को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय अध्यक्ष रविंद्र नाथ ठाकुर ने कहा कि आज हमारा समाज विकास से कोसों दूर है। हमारे समाज के लोग जितनी मेहनत करते हैं उसके अनुरूप उन्हें मजदूरी भी नहीं मिल पाती है। समाज के लोग अपने बच्चों को शिक्षित करें और समाज में पनप रहे कुरीतियों जैसे शराब जुआ इत्यादि को त्याग कर समाज में अलख जगाने का काम करें। श्री ठाकुर ने कहा कि हमारा समाज हर क्षेत्र में पिछड़ा है। सामाजिक राजनीतिक और शैक्षणिक हमारा समाज तभी आगे बढ़ेगा जब इन तीनों में सुधार हो । कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गये। जिसमें शादी विवाह जन्म और मृत्यु में घर जाकर काम करने वाले नाई बंधुओ के रेट में बढ़ोतरी शामिल है। इस निर्णय का जो भी अवहेलना करेंगे उन्हें सामाजिक दंड से गुजरना होगा।

बैठक में सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारी का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मनोज ठाकुर, सचिव कमलेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष रामसनेही ठाकुर, कार्यकारी सदस्य नीरज ठाकुर, अवधेश ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, राजीव ठाकुर, केदार नाथ ठाकुर और विमलेश ठाकुर को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया।

बैठक में मुख्य रूप से अमलेश ठाकुर, भोला ठाकुर, रामसुंदर ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, मनोज ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, योगेंद्र ठाकुर, रामकृपाल ठाकुर, जयराम ठाकुर, राजकुमार ठाकुर सहित काफी संख्या में नाई समाज के लोगों उपस्थित थे।

## जय हिंद कोचिंग सेंटर के नवम बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत उत्तीर्ण हुए बच्चे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा ।** डीएवी मॉडल स्कूल सह जय हिंद कोचिंग सेंटर, चौधराना बाजार गढ़वा के नवम वर्ग की झारखंड बोर्ड परीक्षा सत्र 2023-24 में शत प्रतिशत बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जिसमें अनुराधा गुप्ता पांचो विषयों में ए प्लस स्थान प्राप्त कर फर्स्ट इन फर्स्ट हुई है। इसी प्रकार पांच बच्चे एंजेल कुमारी, प्रज्ञा राज, दुर्गा कुमारी, अनुष्का सिंह, पिंकी कुमारी आदि ने तीन विषयों में ए प्लस लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। 18 बच्चों ने दो विषयों में ए प्लस बाकी सभी विषयों में ए लाया है। 10 बच्चों ने एक विषय में ए प्लस बाकी सभी में ए स्थान लाकर उत्तीर्ण हुए। इन बच्चों के भविष्य संवारने में जिन शिक्षकों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके लिए और बच्चों के अभिभावकों के लिए निदेशक सुशील केसरी सहित विद्यालय के शिक्षक अंजनी कुमार सिंह, मिथिलेश सिन्हा, वीरेंद्र कुमार, ओम प्रकाश शर्मा, प्राचार्य गुलाम सरवर ने बच्चों को शुभकामनाएं दी हैं।

## पुलिस ने ओवरलोड कोयला ट्रक को पकड़ा, चालक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** थाना पुलिस ने एन एच 75 पर बाना महुआ देवेंद्र लाइन होटल से ओवरलोड कोयला के मामले में एक ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार ट्रक ड्राइवर कुलदीप यादव उम्र करीब 31 वर्ष रमना थाना क्षेत्र के बहियार खुर्द गांव का रहने वाला है। कुलदीप तथा लाइन होटल संचालक देवेंद्र साव के खिलाफ कॉल माइंस अमेंडमेंट एक्ट 1973 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद थाना प्रभारी विष्णु कांत द्वारा गिरफ्तार ट्रक ड्राइवर कुलदीप को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## भाजपा मीडिया प्रभारी राजीव तिवारी के छोटे भाई का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रंका।** झारखंड प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के मिडिया प्रभारी राजीव राज तिवारी के छोटे भाई संजीव तिवारी (बब्लू) का निधन रविवार को दोपहर में हो गया। जिससे परिवारजनों में शोक व्याप्त है। संजीव तिवारी (बब्लू) काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। परिवार जनों ने काफी ईलाज कराये किंतु नियति को कुछ और ही मंजूर थी। इनके निधन पर झामुमो युवा नेता किशोर कुमार ओझा और पूर्व मुखिया प्रतिनिधि झामुमो युवा मोर्चा कंचनपुर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार भुईयां सहित अन्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# बैल बेचने बाजार जा रहे युवक को तीन लोगों ने बुरी तरह से पीटा, रस्सी में बांधकर घसीटा

**पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार, दो फरार**

**अपराधियों को बख्शा नहीं जायेगाः एसडीपीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खरौंधी ।** थाना क्षेत्र के अमरोरा में दो बैल लेकर नगरउंटारी बाजार जा रहे झुरीबांध के एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के मामले मे पुलिस ने शनिवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबध में शनिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को झुरीबांध निवासी पीड़ित सरस्वती राम अमरोरा के चिनियाहि टोला के रास्ते दो बैलों को लेकर नगरउंटारी के मार्केट में बेचने जा रहा था। जहां चिंयाही पहाड़ी के समीप एक मोटरसाईकिल पर सवार तीन व्यक्ति राहुल दुबे, राजेश दुबे व काशीनाथ भुइयां जो अमरोरा गांव के हैं। अचानक आकर सरस्वती राम के साथ लाठी-डंडो से मारपीट करने लगे। साथ ही रस्सी बांधकर मोटर साइकिल से घसीकर बुरी तरह से घायल कर दिया। घटना की सूचना पर खरौंधी पुलिस अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को प्राथमिक ईलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल नगरउंटारी में भर्ती कराया। जिसके बाद घायल व्यक्ति के बयान के आधार पर खरौंधी थाना एसएससी-एसटी एक्ट के साथ केश दर्ज करते हुए पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर खरौंधी पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु छापामारी दल का गठन किया। जिसके बाद हुई छापेमारी में एक प्राथमिक अभियुक्त काशीनाथ भुईंया को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया व अन्य दों प्राथमिकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। इधर पत्रकारों ने खरौंधी प्रखंड के रास्ते धड़ल्ले से हो रही पशु तस्करी के बारे में जानकारी देते हुए एसडीपीओ से सवाल पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि अगर ऐसा है तो इसकी जांच की जाएगी। और इसके विरुद्ध कठोर कानूनी कारवाई की जायेगी।

## जंगल में मिली युवती के शव की पहचान काजल बानो के रूप हुई

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडारिया।** भंडरिया थाना क्षेत्र के चिरैयाटाड़ में केंदु पता तोड़नेवाला के द्वारा सूचना मिलने पर जंगल के टिबरी नल से पिछले बुधवार को एक अज्ञात युवती का शव बरामदगी की पहचान भंडारिया निवासी असगर अली की 22 वर्षीय पुत्री काजल बानो के रूप में की गयी है। उक्त जानकारी भंडारिया इंस्पेक्टर शाह थाना प्रभारी चंदन कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा ले जाया गया था, जहां मृतक के माता-पिता द्वारा शव के कान के ऊपरी भाग में तीन छेद तथा जाघ में सफेद दाग सहित शरीर में कई अन्य चिन्ह की पहचान सदर अस्पताल गढ़वा जाकर की थी। पुलिस द्वारा युक्त को पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया, जिसके बाद पुलिस प्रशासन द्वारा शव रांची ले जाया गया। जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद देर शाम शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। बताते चलें की आठ मार्च को महाशिवरात्रि के मौके पर भंडारिया स्थित जोगिया मठ मंदिर में लगने वाले मेले से मृतक काजल बानो की गुम होने की शिकायत भंडारिया थाने में उसके परिजनों द्वारा आवेदन देकर की गयी थी, तथा उसकी खोजबीन की जा रही थी। थाना प्रभारी ने कहा कि उक्त घटना की उद्वेदन करते हुए घटना में शामिल सभी लोग जल्द से जल्द पुलिस की गिरफ्तार में होंगे तथा उन्हें कानूनी प्रक्रिया के तहत कड़ी से कड़ी सजा दी जायेगी।

# लूटकांड का उद्भेदन, दो गिरफ्तार 30 हजार रुपया नकद बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के बकसपुर रेलवे अंडर क्रॉसिंग के समीप गत 17 मई कों हुए लूटकांड कांड का उद्भेदन करते हुए घटना में संलिप्त दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति जारी बताया गया कि पकड़े गये अपराधियों में विनोद गोप उम्र 28 वर्ष पिता फिरू गोप ग्राम बकसपुर और विपिन सिंह उम्र 22 वर्ष पिता हफिंदर सिंह ग्राम साकेटोली बक्सपुर दोनों जरियागढ़ थाना निवासी है। अपराधियों के पास से पुलिस ने दो मोबाइल फोन और लूट के 30 हजार रुपये तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है। बताया गया कि दोनों अपराधियों ने 17 मई की शाम को बक्सपुर पंचायत में नल जल योजना के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने का काम कर रहे प्रदीप कुमार पिता कपिल गंजू चतरा जिला निवासी ठेकेदार मजदूरी का भुगतान के लिए 40 हजार रुपये लेकर जा रहा था। बकसपुर रेलवे अंडर क्रॉसिंग के समीप घात लगायें दो अपराधी विनोद गोप और विपिन सिंह ने मारपीट कर ठेकेदार और उसके भाई से 40 हजार रुपये और दो मोबाइल फोन लूट लिये। इसको लेकर ठेकेदार प्रदीप कुमार ने 18 मई को जारियागढ़ थाने मे मामला दर्ज कराया था। घटना की गंभीरता से लेते हुए वरीय पुलिस पदाधिकारी के निद्रेया पर छापामारी दल का गठन कर के दोनों अपराधियों को जरियागढ़ थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार को दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में जरियागढ़ थाना प्रभारी आदित्या कुमार, सब इंस्पेटक्र गोपाल कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## महुलिया में जनसंपर्क अभियान चलाया



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा के नवाडीह शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा के नेतृत्व में महुलिया में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। शिवनारायण लोहरा ने मायापुर पंचायत के महुलिया गांव में जनसपंर्क अभियान के माध्यम से इंडिया गठबंधन रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को वोट देने की अपील की गयी। इस मौके पर जबीरन खातून, ताहिर अंसारी, असरूद्दीन अंसारी, जाबिर अंसारी, सुदिन अंसारी, इमरान अंसारी, नसीम अंसारी, मैमुन खातून,शबनम खातून, अनवरी परवीन, सहिना खातून,अनीसा खातून, शमीना खातून, सदाम अंसारी, आलिम अंसारी, फाबेलो केरकेट्टा, बारुद्दीन अंसारी, फरहाना खातून मौजूद थे।

# प्राकृतिक पूजा को कानून बनाकर गारंटी देंगे : यशस्विनी सहाय

**आगामी 25 तारीख को अधिक से अधिक वोट देकर देश की रक्षा पर्व मनायें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुरी।** हमारी सरकार आयेगी, तो सरना कोड को लागू करेंगे और प्राकृतिक पूजा करनेवाले को कानून बनाकर गारंटी देंगे उक्त बातें कांग्रेस के प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सिल्ली लोदमु बगान में उपस्थित जनसमुदाय को चुनावी सभा मे बोली। सहाय ने आगे कही कि 10 साल में भाजपा ने आपको क्या दिया। इंडिया गठबंधन को मौका देने की जरूरत है, आगामी 25 मई को क्रमांक संख्या दो पर भारी से भारी वोट देकर हमें विजय बनावे। सिल्ली वासी ऐसा लीड करें कि सामने वाले का खाता न खुले। इससे पहले उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को हाथ जोड़ते हुए जोहर किया। बाद में सुबोध कांत सहाय ने कहा कि सिल्ली के लोग इतिहास बदल दो, ताकि दिल्ली का ताज मिल सके। आगामी 25 तारीख को अधिक से अधिक वोट देकर देश की रक्षा पर्व मनाये । हमारी बेटी यशस्विनी सहाय को सोनिया और राहुल ने उम्मीदवार बना कर आपके पास भेजा है। इसे संचालन राकेश किरण ने किया और प्रेम शाही मुंडा, रामानंद बेदिया,सावना मुंडा अरूण महतो, नागेश्वर महतो ने बारी-बारी से संबोधित किया। सभा से पहले सायदा से सिल्ली करीब 15 किमी ग्रामीण क्षेत्रों के महिला और पुरुष से जनसंपर्क कर जीत की अपील की। इसके अलावा मुरी-सिल्ली में पैदल मार्च की।

समर्थकों ने यशस्विनी सहाय जिंदाबाद का नारा लगाते हुए कारवां बढ़ाता गया। इस पूरे कार्यक्रम में कार्तिक महतो नागेश्वर महतो, नागेंद्र गोस्वामी, मंजूर मोमिन, सोनाराम मुंडा, सदानंद सोनार, शाहबुद्दीन, जितेन्द्र महतो, संतोष साहू समेत काफी संख्या में इंडिया गठबंधन के कांग्रेसी, सीपीएम, जेएमएम के समर्थक मौजूद थे।

# समय का सदुपयोग कर पढ़ने-लिखने की आदत डालें कैदी : राजश्री अपर्णा कुजूर

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में उपकारा खूंटी में रविवार को जेल लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में उपस्थित कैदियों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि सभी कैदियों को न्यायालय में चल रहे अपने मामले के बारे में जानकारी रखने का हक है और आपको निःशुल्क न्याय देना हमारा कर्तव्य है, बशर्ते आप अपना हक लेने के लिए आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि आप सभी कानून में विश्वास करते हैं और यह आपके धैर्य की भी परीक्षा है। आप सभी अपने अंदर दबी हुई प्रतिभा को जगाएं और समय का सदुपयोग करते हुए लिखने-पढ़ने की आदत डालें, जो भविष्य में आपको आगे बढ़ने में आपकी मदद करेगी। अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी विद्यावती कुमारी ने कहा कि सभी कैदियों का विचारण बड़ी तेजी से हो रहा है और कैदी अपने अधिवक्ता के माध्यम से वादों का जल्द से जल्द निपटारा कराएं। उन्होंने अनिवार्य बेल, जमानत एवं गैर जमानतीय वारंट्स तथा प्रोबेशन ऑफ ऑफेंडर्स एक्ट के बारे में जानकारी देकर उपस्थित कैदियों को जागरूक किया और निःशुल्क न्याय के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित एलएडीसी डिप्टी चीफ नम्रता कुमारी ने कैदियों को योग्य अधिवक्ता प्राप्त अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी, उपकारा खूंटी के कारापाल प्रभारी शहजादा खान, डीएलएसए पीएलवी और जेल पीएलवी उपस्थित थे।

## झामुमो ने किया जनसंपर्क, इंडी प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के लिए मांगा समर्थन



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सितू, मिलन चौक, सोड़ो, आदारडीह, बिरडीह, कुटाम, लावा, टिकर आदि गांव में रविवार को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चला कर रांची लोकसभा के इंडी गठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के लिए ग्रामीणों से समर्थन मांगा। वही प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव ने कहा कि गठबंधन धर्म का पालन करते हुए झामुमो के सभी पदाधिकारी तथा सदस्य चुनाव प्रचार में लग गये हैं। और इंडी गठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को प्रचुर मतों से विजयी बनाने का प्रयास कर रहे है। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कार्यों के उपलब्धियों को ग्रामीणों को बता कर इंडी गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का अपील कर रहे है। मौके पर झामुमो नेता अभय यादव, पंचानन पातर, अघोर प्रसाद महतो, पशुपति बागची, लखी नारायण सिंह मुंडा, हाकीम महतो, स्वपन सिंह देव, बिजेन महतो सहित कोई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ के अमलेशा मैदान में पंच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के द्वारा आयोजित सुबह खेले गये। फुटबॉल लीग मैच में जूनियर फुटबॉल क्लब तमाड़ ने एफ सी कुंदला को 3-2 से हराया, इस लीग मैच में संजय स्वांसी ने हैट्रिक गोल मारा। वही शाम के मैच में एन सी स्पोर्टिंग और एफ सी पुंडिदीरी के बीच खेला गया मैच।

## पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन का आयोजन




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पांच परगना किसान महाविद्यालय बुंडू में रविवार को पूर्वव्रती छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय से अध्ययन कर सफल हुए छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता की कहानी साझा किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ मुकुल कुमार के स्वागत भाषण से शुरू हुई। साथ ही पूर्व छात्रों का कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रितेश जायसवाल, सचिव सुबोध चंद्र शुक्ला और कोषाध्यक्ष डॉ बासुदेव महतो सर्वसमिति से चुने गये। इस मौके पर डॉ राधारमण साहू, प्रो भूतनाथ प्रमाणिक, डॉ हंस कुमार, प्रो अमरेस कुमार, प्रो डी एन जायसवाल, प्रो राजेन प्रसाद, प्रो सुरेंद्र कुमार, प्रो संतोष कुमार, प्रो अशोक शर्मा, डॉ विजय लक्ष्मी, डॉ आराधना तिवारी, डॉ लखिंद्र मुंडा, डॉ सरवन मुंडा, प्रो कृष्ण मुंडा छात्र नेता राजू महतो समेत कॉलेज के सभी शिक्षक, कर्मचारी एंव कोई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## राजा पीटर ने राधा रानी मंदिर में आशीर्वाद लिया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** श्री श्री राधा रानी मंदिर बुंडू में चल रहे नौ दिवसीय हरि नाम संकीर्तन के आखिरी दिन पूर्व मंत्री राजा पीटर उर्फ. गोपाल कृष्ण पातर अपनी पत्नी आरती देवी के साथ श्री श्री राधा रानी मंदिर में आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की सुख शांति की कामना की।

**विहिप और बजरंग दल के संस्थापक सदस्य भोलानंद तिवारी को दी श्रद्धांजलि**

# हिंदुत्व के लिए हमेश एक पैर पर खड़ा रहनेवाले फायर ब्रांड नेता थे भोलानंद : गणपत भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी जिले में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल को स्थापित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानेवाले और खूंटी क्लब के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता भोलानंद तिवारी को खूंटी क्लब में रविवार को शोकसभा आयोजित कर शहरवासियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। क्लब के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में लोगो ने दिवंगत भोलानंद तिवारी के कार्यो को याद किया। खूंटी क्लब के वरिष्ठतम सदस्य मदन मिश्रा ने कहा कि भोलानंद तिवारी का जीवन हिंदुत्व को समर्पित था। उन्होंने विहिप व बजरंग दल के साथ साथ खूंटी के रामनवमी और दुगार्पूजा से लेकर खूंटी क्लब के विकास में अहम योगदान दिया। क्लब के सचिव गणपत कुमार भगत ने भी कहा कि उनका जाना हम सबों के लिए अपूरणीय क्षति है। श्रद्धांजली सभा को जयंत लाल, आदित्य प्रसाद साहू, अधिवक्ता शैलेंद्र श्रीवास्तव, बालमुकुंद कश्यप, जितेंद्र कश्यप, लव चौधरी, आनंद कुमार, चैंबर के सचिव मुकेश जायसवाल आदि ने संबोधित किया। इससे पूर्व लोगो ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। मौके पर क्लब के ओमप्रकाश मिश्रा, श्याम किशोर भगत, कृष्णा मिश्रा, प्रदीप पांडे, किशोर साहू, राजकुमार गुप्ता, नरेश गौंझू, महेश चौधरी, राजकुमार गुप्ता राजू, अनूप साहू, मनोज साहू, मनोज लाल, प्रदीप भगत, अशोक गुप्ता, अरूण महतो उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनायी गयी बजरंगबली मंदिर की वर्षगांठ, निकली कलश यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** सदर प्रखंड के सोसोटोली स्थित बजरंगबली मंदिर की वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। इसको लेकर रविवार को मदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बजरंग बली प्रबंध समिति के तत्वावधान में बाजे-गाजे के साथ निकाली गयी कलश यात्रा में सैकड़ों लोग भजन करते और झुमते हुए शामिल हुए। कलश यात्रा सोसोटोली से कुसुम टोली, कर्रा रोड, चौधरी मुहल्ला, नेताजी चौक, भगत सिंह चौक, शिवाजी चौक से तोरपा रोड होते कुंजला होते हुए सोसेटाली पहुंची। वहां गंगा पूजन के के बाद कलशों में नदी का पवित्र जल भरा गया। वहांं से कलश यात्रा पुनः मंदिर तक पहुंची, जहां कलशों को स्थापित कर बजरंग बली का जलाभिषेक किया गया। विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। रात को समिति द्वारा रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि कें रूप में पूर्व उप प्रमुख जितेंद्र कश्यप तथा विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सतीलाल कश्यप, प्रफुल्ल राम, किट्टू कुमार, बिट्टू कुमार, अमित कश्यप, नकुल महतो, सुभाष महतो, विक्रम कुमार, सुदर्शन राम, संतोष राम, जीवाहन महतो, पमेश कुमार, परमानंद कश्यप ने योगदान दिया।

## तुमांग में सरहुल पूजा का आयोजन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** तुमांग में रविवार को सरहुल पूजा मनाया गया। इस अवसर पर तुमांग झखरा स्थल पर पाहन लालदेव गंझु के द्वारा पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की गयी। उसके बाद तहरी प्रसाद बनाया गया जिसका सभी लोगो ने ग्रहण किया। वही पाहन ने सभी लोगो के बीच फुलखोन्सी किया।उसके बाद सभी घरों में बारी बारी से जाकर फुलखोन्सी किया गया। वही ग्रामीण मांदर नगाडे एव सरहुल गीत पर थिरकते रहे।इस मौके पर मुकद्दर लोहरा, लहसन भोगता, महावीर भोगता, रमेशर भोगता, रिझु भोगता, राजेन्द्र भोगता, शिवनाथ भोगता, उमेश लोहरा, रवि भोगता, छोटन भोगता, कलपु लोहरा, मुरारी मेहता, मनीचरवा भोगता, बिनोद भोगता, सूरज लोहरा, जगमोहन गंझु,अरुण गंझु, दीपक चौहान, अश्विनी भोगता, शनीचरवा भोगता सहित कई लोग शामिल थे।

# विधायक ने सैलून का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** हिल चौक तोरपा में हेयर हेवन यूनिसेक्स फैमिली सैलून व टैटू जोन का उदघाटन रविवार को किया गया। विधायक कोचे मुंडा, सारेगामा फेम सिंगर शालिनी दुबे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर ओर नारियल फोड़कर इसका उद्धव्रटन किया। सैलून के संचालक ऋषभ षाड़ंगी और रौनक षाड़ंगी ने बताया कि सैलून सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। यहां एक ही छत के नीचे पूरे परिवार को खूबसूरत बनाने की व्यवस्था है। महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग केबिन बनाये गये हैं। प्रशिक्षित कारीगरों का बाहर से बुलाया गया है। हेयर डिजाइन, हेयर कटिंग, फेशियल, ट्रीटमेंट, ब्लीचिंग आदि सेवा यहा उपलब्ध है। किफायती दर पर बेहतरीन सेवा दी जायेगी। मौके पर बैकुंठ षाडंगी, संतोष जायसवाल, दीपक तिग्गा, रामाशीष महतो, सावन महतो, शैलेश राजकला, अरूण कर, शीतल भगत, रविशंकर पाठक, गुडडू मिश्रा, जितेन्द्र गुप्ता, सतीश चौधरी, प्रदीप केसरी, रोहित केसरी आदि उपस्थित थे।

# नारद लीला व राम जन्म का मंचन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा कें हिल चौक स्थित देवी मंडप प्रांगण में नौ दिवसीय रामलीला का रविवार को शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय, विहिप के प्रखंड अध्यक्ष एमपी सिंह, देवी मंडप दुर्गा पूजा समिति के सरंक्षक नंदू महतो ने फीता काटकर और श्रीगणेश की आरती के साथ रामलीला का शुभारंभ किया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि हमें मयार्दा पुरुषोतम श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। रामलीला का मंचन सदियों से होता आ रहा है। रामलीला के प्रथम दिन श्री रामायण मंडल वाराणसी से जुडे प्रयागराज के कलाकारों ने दशरथ पुत्रेष्टि यज्ञ, रामजन्म, मुनि आगमन, ताडका, मारीच, सुबाहु वध का मंचन किया। रामजन्म होते ही उपस्थित लोग जयश्री राम का जयघोष करने लगे। कलाकारों ने सोहर गीत गाये। रामायण मंडल के अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि प्रत्येक दिन संध्या 7:30 बजे से रामलीला शुरू होगी। उन्होने नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रत्येक दिन आयोजन स्थल पर आकर रामलीला देखने का आग्रह किया।

## डकरा में संयुक्त श्रमिक संगठन की बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** संयुक्त श्रमिक संगठन की बैठक डकरा में अमरभूषण सिंह की अध्यक्षता मे की गई संचालन गोल्डन यादव ने किया । बैठक मे उत्तरीकर्णपुरा डकरा क्षेत्र के सभी परियोजना से आये हुए यूनियन प्रतिनिधियो ने बारी बारी से अपनी क्षेत्र का समस्या रखा जिसमे प्रमुख रूप से चुनाव ड्यूटी पर जाने वाले सीसीएल कर्मियों की होने वाली असुविधा के बारे मे चिंता व्यक्त की गई और अग्रिम भुगतान के संबंध मे मांग पत्र देने के बाद भी अभी तक प्रबंधन का स्थित स्पष्ट नहीं करना प्रबंधन का मंशा साफ दशार्ता है की मजदूर के समस्या से इनका कोई लेना देना नहीं है। संयुक्त श्रमिक संगठन क्षेत्र के सभी कोल स्टॉक का सी बी आई जांच के लिए प्रयास करेंगी, इसके आलावा अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की गयी है जिसे आगे बिस्तार से बतायी जायेगी। बैठक मे मिथलेश कुमार सिंह, कृष्णा चौहान,डी पी सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रमोद पाठक, हरेंद्र सिंह, दिनेश भर, अरबिंद कुमार, रमेश कुमार सिंह, ध्वजा राम धोबी, राजेंद्र चौहान, अजय चौहान, बूटन चौहान, उदय कुमार सिंह, रामप्रवेश राम, गोबिंद कुमार साहू, जगदीश चौहान, अमिताभ चौहान, रामा उरांव, मुबारक खान, रिंकू सिंह सहित बी एम एस, एच एम एस, एटक, सीटू से संबंधित लगभग सभी यूनियन प्रतिनिधि मौजूद थे।

# चतरा और हजारीबाग लोकसभा के लिए पिपरवार के मतदाता आज करेंगे मतदान

**कड़ी सुरक्षा के बीच बूथ पर पहुंचे मतदान कर्मी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व लोकसभा चुनाव का पांचवा एवं झारखंड के दुसरे चरण का मतदान आज होगा। पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के मतदाता चतरा व हजारीबाग लोकसभा के चुनाव के लिए आज अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें। जानकारी के अनुसार पिपरवार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले छः पंचायत में तीन पंचायत चतरा लोकसभा और तीन पंचायत हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र में पड़ता है। चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के बहेरा, बेंती व कल्याणपूर पंचायत के कुल 13 बुथ और हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बचरा दक्षिणी, बचरा उत्तरी व किचटो पंचायत के कुल 20 बुथों पर आज कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान होगा। शांतिपूर्ण मतदान को लेकर स्थानीय पिपरवार पुलिस के द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। रविवार की दोपहर कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कर्मियों को उनके बूथ तक पहुंचाया गया। जबकि पिपरवार पुलिस के द्वारा सभी बुथों पर पुलिस बल के जवानों को सुरक्षा मे तैनात किया गया है। चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कल्याणपुर, बहेरा और बेंती पंचायत के लिए बनाये गये कुल 13 बुथ के लिए कल्याणपुर में कलस्टर केंद्र बनाया गया है। वही हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बचरा दक्षिणी, बचरा उत्तरी और किचटो पंचायत के लिए बनाये गये 20 बुथो के लिए बचरा श्रमिक क्लब को क्लस्टर केंद्र बनाया गया है। आज सुबह 7 बजे से 5 बजे तक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। इधर शनिवार की शाम चुनाव प्रचार थमने के बाद राजनैतिक दलो के लोगो ने घर-घर जाकर वोट मांगा। राजनैतिक दलो ने चुनाव को लेकर पुरी ताकत झोंक दी है। चतरा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से एनडीए और इंडिया गठबंधन के अलावे निर्दलीय प्रत्याशियो के समर्थको ने मतदाताओ के घर जाकर डोर टु डोर अभियान चलाया और अपने-अपने प्रत्याशी के समर्थन मे मतदान करने की अपील की।

## चतरा लोस अंतर्गत पांकी विस के लिए मतदान सामग्री लेकर डिस्पैच सेंटर से रवाना हुए मतदान कर्मी

# चतरा लोस में मतदान आज, 326 बूथों पर 32,2063 मतदाता करेंगे मतदान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



मतदान सामग्री लेकर डिस्पैच सेंटर से रवाना होते मतदान कर्मी।

**मेदिनीनगर।** चतरा संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले पांकी विधानसभा के कुल 326 बूथों के लिए रविवार को जिला मुख्यालय स्थित गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज परिसर से सभी मतदान सामग्री लेकर मतदानकर्मियों को रवाना किया गया। पांकी विधानसभा के लिये प्रतिनियुक्ति कर्मी इस दिन सुबह सात बजे से ही केंद्र पर पहुंच गये थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, ईवीएम/वीवीपैट कोषांग के नोडल पदाधिकारी रवि आनंद, सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन पांकी विधानसभा के सहायक निवार्ची पदाधिकारी प्रीति किस्कू की देख-रेख में वितरण कार्य शुरू हुआ। रविवार को जीएलए कॉलेज में पांकी विधानसभा के लिये बनाये गये काउंटर पर कई तरह के कागजी प्रक्रियाओं के मिलान के बाद मतदानकर्मियों को मतदान सामग्री देकर अपने-अपने बूथों के लिये रवाना कर दिया गया। पोलिंग पार्टी के साथ सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस बल को भी टैग किया गया था। बतातें चलें कि चतरा लोकसभा के पांकी में सोमवार को होने वाले मतदान में कुल 326 बूथ बनाए गए हैं, जिसपर 32,2063 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें महिला मतदाताओं की संख्या 15,6679 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 165384 हैं।

# व्यय लेखा की जांच नहीं कराने पर पांकी व लातेहार के एक-एक उम्मीदवार के विरुद्ध जारी हुआ नोटिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चतरा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने शशि रंजन ने चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ रहे पांकी के सगालिम निवासी समता पार्टी के प्रत्याशी सुमित कुमार यादव व लातेहार के अम्बाकोठी मस्जिद रोड निवासी निर्दल प्रत्याशी अर्जुन प्रजापति को नोटिस जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा का निरीक्षण के लिए तीसरी तिथि 18 मई निर्धारित की गयी थी। इसके बावजूद उपरोक्त दोनों प्रत्याशियों द्वारा व्यय प्रेक्षक के समक्ष निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा का निरीक्षण के लिये व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं किया गया और ना ही उनके एजेंट द्वारा किया गया।

दोनों प्रत्याशी चुनाव अभिकर्ता निरीक्षण में अनुपस्थित रहे। उपरोक्त दोनों प्रत्याशियों को नोटिस जारी करते चतरा के विकास भवन स्थित लेखा शाखा में अविलंब लेखा पंजी के साथ उपस्थित होने को कहा गया है। अगली निर्धारित होने वाली तिथि तक यदि निरीक्षण के लिये उपस्थित नहीं होते हैं और उनकी ओर से प्रतिनियुक्ति चुनाव अभिकर्ता द्वारा लेखा व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो दोनों ही प्रत्याशियों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के तहत यह माना जायेग कि निर्वाचन व्यय से संबंधित लेख संधारित करने में असफल रहें हैं एवं उन लोगों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विक्षिप्त युवती ने फांसी लगा कर की खुदकुशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चनकार कस्तूरी गांव के टोला नोनियाडीह में शनिवार की रात करीब आठ बजे 19 वर्षीय एक युवती ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान काजल कुमारी के रूप में हुई है। वह अरविंद चौहान की पुत्री हैं। घटना की जानकारी मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस रविवार को मौके पर पहुंची और शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। उधर, युवती के दादा दीपन चौहान ने बताया कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह मंदबुद्धि थी। जिस समय घटना घटित हुई घर के सभी सदस्य बाहर दरवाजे पर बैठे थे, जो घर के चौधार में फांसी लगाकर वह आत्महत्या कर ली। किसी प्रकार का विवाद होने से इन्कार किया है। उधर, हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यूडी केस दर्ज की जाएगी।

# पुल निर्माण के लिए खोदे गये गड्ढे के पानी में डूबने से बच्चे की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा थाना क्षेत्र के बभंडी गांव के पास बतरे नदी में पुल निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे के पानी में डूबने से 10 वर्षीय बालक की मौत हो ग ई। घटना शनिवार की बतायी जा रही है। उधर, बच्चे की मौत से ग्रामीणों में संवेदक के प्रति आक्रोश है। उनकी पहचान अमित कुमार के रूप में हुई है, जो बभंडी गांव में अपने नाना रामजी साव के घर रह कर पढाई करता था। जबकि उसका पैतृक गांव बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत बरहेता में है। वह बिरबल साव का पुत्र था। बताया जा रहा कि पुल निर्माण के दौरान पानी उपयोग के लिए संवेदक द्वारा करीब 50 मिटर की दूरी पर गहरा गड्ढा खोदा गया था। मृतक अमित कुमार के अलावे अन्य लोग भी शनिवार की शाम नहाने के लिए गए थे। इस बीच अमित गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गयी। इस संबंध में थाना प्रभारी विमल कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जपला अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है।

# शिविर आयोजित कर बंदियों से पूछी गयी समस्याएं, निराकरण का दिया आश्वासन

### मेदिनीनगर केंद्रीय कारा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** केंदीय कारा में रविवार को पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने लीगल एड डिफेंस काऊंसिल के बारे में बंदियों से जानकारी ली। कहा कि ये अधिवक्ता आपके लिए नियुक्त किये गए है। उन्होंने कहा कि कोई भी बंदी बिना अधिवक्ता के नहीं रहे। आपको या परिवार के सदस्य को कोई समस्या हो तो इनके माध्यम से सादे कागज पर एक आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में भेजें। आपकी समस्या का निदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो सजायाप्ता बंदी अभी तक किसी कारण से अपील नहीं कर पाए हैं वे अपील करें। कहा कि कोई भी सजा पाए बन्दी बिना अपील किए नहीं रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से वैसे बंदियों को बिना खर्च के अपील करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से समाज के कमजोर व बंचित लोगों को मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने बंदियों से समस्या पूछा व उसके निराकरण का उपाय भी बताया। उन्होंने कहा कि हम यहां केस का मैरिट डिसाइड करने नहीं आये, बल्कि आपको अपना पक्ष रखने में क्या समस्या हो रही है। इसके लिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बंदियों ने आधार कार्ड बनाने, राशन कार्ड में नाम जोड़वाने व केस से संबंधित समस्या को रखा। उन्होंने डालसा सचिव को इन समस्या के निराकरण करने को कहा। इस मौके पर डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि डालसा के माध्यम से कई कार्यक्रम किये जा रहे हैं। केस में पक्ष रखने के लिए फ्री में डिफेंस काउंसिल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही गांव-गांव में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। लीगल एड दिया जा रहा है। पीड़ित को मुआवजा प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब न्याय पाने में गरीबी बाधक नहीं है। सभी को सुलभ व सस्ता न्याय उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद सिंह ने कहा कि जैसे ही किसी बंदी का आवेदन एलएडीसी में आता हैं हमलोग उसका काम शुरू कर देते हैं। आप विश्वास के साथ आवेदन भेजे। हमलोग मेहनत कर आपके मामले में न्यायालय में पक्ष रखते हैं। उन्होंने कहा कि हमलोग सिर्फ जो केस एलएडीसी को मिलता है उसमें ही काम करते हैं। इसलिए कहीं आपको काम में शिकायत नहीं मिलेगी। एलएडीसी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि विगत एक बर्ष में 500 केस में एलएडीसी काउंसिल कार्य कर रहे हैं। जिसमें दो दर्जन से अधिक केस में रिहाई भी करायी गयी है। वहीं, सैकड़ो केस में जमानत कराया गया है। एलएडीसी की विशेषता यह है कि हमलोग के माध्यम से काम कराने से कोई खर्च नहीं लगता है। साथ ही आपको केस का अपटूडेट बराबर मिलते रहता है। उन्होंने कहा कि एलएडीसी से जुड़े काउंसिल प्रति दिन जेल में आते हैं। आप उनसे मिलकर अपने केस के बारे में तहकीकात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिनकी जमानत अभी तक किसी कारण बस नहीं हो पायी है वे बंदी आवेदन जरूर भेजे। साथ ही कोई भी सजा प्राप्त बंदी अपील के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार में बंदी आवेदन भेज सकता है। जिसको मुफ्त में उच्च न्यायालय में सर्वोच्च न्यायालय में व जिला और सत्र न्यायालय में अपील का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट कोर्ट से सजा प्राप्त बन्दी की अपील जिला जज के अदालत में अपील दाखिल कर सकते हैं। जबकि जिला जज के यहां से सजा प्राप्त बंदी उच्च न्यायालय में अपील कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से जमानत, अपील, रिवीजन, गवाही बहस आदि का कार्य मुफ्त में किया जा रहा है। कोई भी बंदी जेल में बंदी आवेदन भेज कर मुफ्त में विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या हो तो पीएलभी से लिखवा कर जेल प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार में भेजने का कार्य करें। ताकि आपको सहयोग प्रदान किया जा सके। इस मौके पर सीजेएम आनन्द सिंह, निबन्धक कमल प्रकाश, कारा अधीक्षक भागीरथ करजी, जेलर प्रमोद कुमार, पीएलभी लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के असिस्टेंट वीर बिक्रम वक्स राय, पुष्कर राज, नीतू सिंह, उत्तम कुमार, पीएलभी नीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

# दो बाइक में आमने-सामने की टक्कर में पांच घायल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर-पांडू मुख्य पथ स्थित बैठा चिमनी ईंट भट्ठा के समीप दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शनिवार रात नौ बजे की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार रेहला थाना क्षेत्र के कामता गांव निवासी धर्मेंद्र प्रसाद पांडू से बाइक से अपने घर वापस जा रहे थे। इसी बीच विश्रामपुर से पांडू जा रहे एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक पर सवार पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को राजद नेता संजय उपाध्याय ने स्थानीय लोगों के सहयोग से विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। घायलों में चार युवक पांडू प्रखंड के कोपी और महुगांवा के बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार सभी युवक शराब के नशे में थे।

# जपला विद्या मंदिर में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन, शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नवम एवं दशम तक के विद्यार्थियों के 52 अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, सचिव राकेश तिवारी, सत्येन्द्र चंदेल, सतीश सिंह, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बच्चों के उज्जवल भविष्य से संबंधित विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई। प्रधानाचार्य ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि भैया-बहनों के विकास के लिए विद्यालय कटिबंध है। पर बिना अभिभावकों के सहयोग के यह कार्य सफल नहीं हो सकता है। उन्होंने अभिभावक एवं विद्यालय के बीच के संपर्क पर जोर देते हुए कहा कि समय-समय पर संपर्क करने एवं गृह कार्य की जानकारी अथवा अन्य विषयों पर भी दोनों के बीच सही सामंजस्य से ही भैया-बहनों में सकारात्मक विकास संभव है। इस दौरान छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों ने अपने अपने मंतव्य दिए। गोष्ठी में अभिभावकों ने बढ़चढ़ कर अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। सभी अभिभावक विद्यालय के व्यवस्था से संतुष्ट नजर आए। अभिभावक प्रतिनिधि सह समिति सदस्य राजेश सिंह ने बताया कि विद्या मंदिर हमारे बच्चों में संस्कार भरता है। बच्चों के पूर्ण विकास के लिए आचार्यों के साथ ही अभिभावक को भी कोशिश करनी होगी। इस मौके पर हर्षदा चौबे, अभिषेक पाठक, छाया कुमारी, मृत्युंजय प्रसाद, शशि कुमार, दीपक पाण्डेय, रंजीत मिश्र, धर्मेंद्र कुमार, राजकुमार सिंह, सुनील गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



सनराइजर्स हैदराबाद ने आइपीएल 2024 के 69वें मुकाबले में रविवार को पंजाब किंग्स को चार विकेट से हरा दिया। इस दिन आइपीएल का आखिरी डबल हेडर मैच था। मंगलवार से प्लेऑफ शुरू होगा।

# `सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब को 4 विकेट से हराया, पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंची



**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2024 के 69वें मुकाबले में रविवार को पंजाब किंग्स को चार विकेट से हरा दिया है। इस दिन आईपीएल 2024 का आखिरी डबल हेडर मैच था। इसके बाद मंगलवार से प्लेऑफ की शुरूआत हो जाएगी। सनराइजर्स ने अपना मैच जीत लिया है और पॉइंट्स टेबल में 17 अंक के साथ टीम दूसरे नंबर पर आ गई है। हालांकि दूसरे स्थान पर सनराइजर्स की जगह पक्की नहीं हुई है। लीग स्टेज के आखिरी मुकाबले में अगर कोलकाता नाइट राइडर्स को राजस्थान रॉयल्स हरा देती है तो हैदराबाद तीसरे नंबर पर फिनिश करेगी। बतातें चलें कि राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। पंजाब किंग्स ने पांच विकेट खोकर पहली पारी में 214 रन बनाए। जवाब ने हैदराबाद ने 6 विकेट खोकर 19.1 ओवर में ही लक्ष्य को पूरा कर लिया। हैदराबाद की ओर से अभिषेक शर्मा ने अर्धशतक जमाया। उन्होंने 28 बॉल में 66 रन की पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, पंजाब की ओर से प्रभसिमरन सिंह ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 45 बॉल पर 71 रन की पारी खेली। उनके अलावा राइली रूसो ने 49 और अथर्व तायड़े ने 46 रन बनाए। हैदराबाद की ओर से टी नटराजन 2 विकेट झटके। पैट कमिंस और विजयकांत को 1-1 विकेट मिला। शशांक सिंह रन आउट हुए। वहीं टारगेट का पीछा कर रही हैदराबाद के लिए सबसे ज्यादा रन अभिषेक शर्मा ने बनाए। उनके अलावा हेनरिक क्लासन नेभी 25 बॉल में 42 रन बनाए। इन दोनों के अलावा नितिश रेड्?डी ने 37 और राहुल त्रिपाठी ने 33 रन की पारी खेली। पंजाब की ओर से हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह 2-2 विकेट लिए। हरप्रीत बराड़ और शशांक सिंह को 1-1 विकोट मिला। दूसरी ओर, पंजाब हार के बाद 9वें नंबर पर ही है।

गौरतलब हो कि सनराइजर्स ने लीग राउंड 14 मैचों में आठ जीत और पांच हार के साथ खत्म किया। एक मैच बारिश से धुल गया था। टीम ने कुल 17 अंक अर्जित किए। वहीं, कोलकाता के फिलहाल 19 अंक और राजस्थान के फिलहाल 16 अंक हैं। आरसीबी के 14 अंक हैं।

## रोहित शर्मा आइपीएल ब्रॉडकॉस्टर से नाराज

**मुंबई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट के कप्तान रोहित शर्मा ने प्राइवेट वीडियो टीवी पर प्रसारित होने को लेकर आइपीएल ब्रॉडकास्टर्स को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर की। रोहित शर्मा ने कहा कि व्यूज के लिए खिलाड़ियों की निजी बातें टेलिकास्ट करना गलत है। कुछ दिनों पहले रोहित शर्मा की बातचीत के 2 वीडियो टीवी पर टेलिकास्ट हुए थे, जिस पर रोहित नाराज हैं। भारतीय कप्तान ने लिखा- 'क्रिकेटरों की जिंदगी इतनी दखलंदाजी वाली हो गई है कि कैमरे अब हमारे हर उस कदम और बातचीत को रिकॉर्ड कर रहे हैं, जो हम अपने दोस्तों और सहयोगियों के साथ ट्रेनिंग के दौरान या मैच के दिनों में एकांत में चर्चा करते हैं। स्टार स्पोर्ट्स से मेरी बातचीत को रिकॉर्ड न करने के लिए कहने के बावजूद, ऑन एयर किया गया।**

# हर बदलाव बलिदान मांगता है



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** मिशन एयरपोर्ट धनबाद समूह की बैठक रविवार को लुबी सर्कुलर रोड स्थित राज क्लासेज में आयोजित हुई। जिसमें प्रमुख रूप से समाजसेवी उदय प्रताप सिंह एवं दिलीप सिंह उपस्थित हुए। इसकी अध्यक्षता अमरेंद्र कुमार झा और संचालन गोपाल सिंह असरफी हॉस्पिटल ने किया। मिशन एयरपोर्ट धनबाद समूह ने बच्चों से मिलकर, बड़े बुजुर्गो जवानों से एक मांग पत्र तैयार किया है, जो सभी उम्मीदवारों को दिया जाएगा। इसमें प्रमुख मांगो में जो सांसद बने वो सभी से मांग पत्र ले और 6 महीने बाद जनता दरबार लगाकर समीक्षा बैठक आयोजित करें। क्या हुआ क्या होना चाहिए और क्या हो सकता इस पर चर्चा करे। पिछले 10 साल में जो उल्टा विकाश धनबाद में हुआ है। उसकी जानकारी मांग पत्र में लिखी गई है। उसका विकाश किया जाए। इसके अलावा रोजगार सृजन, प्रदूषण नियंत्रण, धनबाद में जल्द एयरपोर्ट बने। अन्य जो भी कार्य जिससे धनबाद भी देश के विकसित शहर में शमिल हो। सभी धनबाद के लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों को ये पत्र दिया जाएगा। उम्मीद है कि जो सासंद बनेंगे वो हर 6 महीने में जनता दरबार जरूर लगायेंगें और जनता की समस्याओं दूर करेंगें। बैठक में उदय प्रताप सिंह दिलीप सिंह, अनिल कुमार जैन, अमरेंद्र कुमार झा, गोपाल सिंह, नीरज कुमार, डाक्टर दिलीप कुमार, अकलख अहमद, अशोक चौधरी, सुनील सिंह, रवि केशरी, धीरज रवानी, आलोक चटर्जी वीरू सिंह आदि उपस्थित थे।

# रैली निकाल कर मतदाताओं को किया गया जागरूक

**कतरास (आजाद सिपाही)।** प्रेस क्लब एवं कतरास पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को कतरास नदी किनारे सूर्य मंदिर स्थित प्रेस क्लब से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली को बाघमारा डीएसपी आनंद ज्योति मिंज एवं डॉ उमाशंकर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो शहर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए कतरास थाना चौक पहुंची। वहीं, बाघमारा डीएसपी आनंद ज्योति मिंज ने मतदाताओं से भय मुक्त होकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। वहीं, डॉ उमाशंकर सिंह ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आत्मा है। इस लिए मतदान अवश्य करें। मौके पर कतरास थानेदार असित कुमार सिंह, रामकनाली थानेदार मंगल प्रसाद कुजूर, प्रेस क्लब के महासचिव विनय वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष शंकर साव, सह सचिव दीपक गुप्ता, उपाध्यक्ष सोहन विश्वकर्मा, मनोज सियाशरण, कोषाध्यक्ष सुमन सिंह आदि थे।

## मतदाताओं को बूथ में मोबाइल फोन ले जाना पूर्ण वर्जित: डीसी



### सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी को दिया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा और वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने 25 मई को धनबाद लोकसभा सीट के लिए होने वाले मतदान को लेकर रविवार को न्यू टाउन हॉल में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को जीरो एरर व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि मतदान के दिन बूथ में मतदाताओं के लिए मोबाइल फोन ले जाना वर्जित रहेगा। उन्होंने कहा कि त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराने और ईवीएम की तकनीकी समस्या से निपटने के लिए हर प्रखंड में इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया के इंजीनियर और मास्टर ट्रेनर मौजूद रहेंगे। डीसी ने अधिकारियों से कहा कि मतदान वाले दिन सुबह सात बजे से मतदान शुरू करायें। हर दो घंटे पर इसकी रिपोर्ट कंट्रोल रूम को उपलब्ध करायें। कोई समस्या आने पर संबंधित विधानसभा के एआरओ से संपर्क करें। शाम पांच बजे तक बूथ पर पहुंचने वाले मतदाताओं से मतदान जरूर करायें। डीसी ने कहा कि 24 मई को तीनों डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टी चुनाव सामग्री लेकर संबंधित बूथ के लिए रवाना होगी। पोलिंग पार्टी तय वाहन में रूट चार्ट के अनुसार, बिना रास्ते में रुके, अपने मतदान केंद्र पर पहुंचेगी। इसी प्रकार चुनाव संपन्न होने के बाद मतदान केंद्र से सीधे रिसीविंग सेंटर पहुंचेगी। डीसी ने बूथ पर की जाने वाली तैयारी, मॉक पोल, मॉक पोल के बाद की प्रक्रिया, वोटिंग के दौरान, वोटिंग खत्म होने के बाद, प्रीसाइडिंग ऑफिसर डायरी, प्रपत्र 17 ए, 17 सी, पुरुष, महिला व थर्ड जेंडर मतदाताओं का मिलान, विभिन्न तरह के एनेक्सचर सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मास्टर ट्रेनर द्वारा बताए गए हर बिंदुओं का अक्षरशः अध्ययन व पालन करने, चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए उनके दायित्वों और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया। वहीं, वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पैरामिलिट्री फोर्स, पुलिस पदाधिकारी के साथ 30 से अधिक मोटरबाइक पर सवार क्यूआरटी टीम मौजूद रहेगी। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को पुलिस पदाधिकारी के साथ समन्वय रखने, 24 मई की सुबह से ईवीएम जमा कराने तक साथ रहने का निर्देश दिया। साथ ही सभी को अनिवार्य रूप से अपना महचान पत्र पहनने, बूथ पहुंचने के बाद कहीं और नहीं जाने, जिला पुलिस बल एवं होमगार्ड को समय पर मतदान केंद्रों में पहुंचने, टुंडी एवं बाघमारा में चुनाव संपन्न कराने के बाद बोकारो जाने के लिए तय रूट का पालन करने का निर्देश दिया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जियाउल अंसारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा आदि उपस्थित थे।

## महिला स्वंसेवी संमूह को विकास की धारा से जोड़ा जायेगा : अमरेश सिंह



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के भूली स्थित वार्ड नंबर 15 में महिलाओं के लिए आयोजित महासम्मेलन में धनबाद लोकसभा सीट से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में मतदान की अपील की गई। जिसकी अगुवाई रंजीत कुमार बिल्लू ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह और मुकेश लाल यादव उपस्थित रहें। महिला स्वयंसेवी समूह की दीदी से अमरेश सिंह के विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक वार्ता हुई एवं चुनाव के बाद पुनः समस्या का निराकरण करने के लिए बैठक किये जाने का निर्णय लिया गया। वहीं, अपने संबोधन में अमरेश सिंह ने कहा कि सर्वप्रथम 25 मई को पूरे परिवार सहित मतदान करें और इष्ट मित्रों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करे। अमरेश सिंह ने बताया कि धनबाद को विकास के पथ पर भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ही ले जा सकती हैं। इसलिए मजदूरों के हित में सदा सोचने वाले किसान के बेटे ढुल्लू महतो को भारी मतो से विजयी बनाये। इस मौके पर कमल किशोर, अशोक गुप्ता, इंद्रकांत झा, डॉ बालेश्वर प्रसाद, महिला समूह की दीदी अपने सैकड़ों प्रतिनिधि कौशल्या देवी, जिया, लाडली और पूनम आदि के साथ शामिल हुईं।

## मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग ने किया हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर रविवार को लोकसभा चुनाव के निमित स्वीप कार्यक्रम के तहत हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया गया। जो सुबह पांच बजे से नौ बजे तक चली। सुबह पांच बजे से लुबी सर्कुलर रोड में नृत्य व बैंड की धुन से हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस दौरान योगा, कराटे, बच्चों के लिए कंपटीशन, डांस, गीत, संगीत के अलावा स्केटिंग, थ्री डी पेंटिंग और जादू का भी आयोजन किया गया। विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। इन कार्यक्रमों के मध्यम से धनबादवासियों से 25 मई को मतदान करने की अपील की गई। मौके पर नगर आयुक्त रविराज शर्मा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल सिंह, एसमपीओ विनीता कुमारी, जिला आइकॉन श्वेता किन्नर के साथ सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर मौजूद रहे।

### भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने बेकारबांध में चुनावी सभा में किया वादा

# जीता तो धनबाद को दिलाऊंगा जाम से मुक्ति, बनेगा एयरपोर्ट

### प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पति अनूप सिंह पर साधा निशाना, सरकार को भी घेरा

#### ढुल्लू महतो को विजयी बना कर पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो का बेकारबांध स्थित गुप्तेश्वर परिसर में रविवार को समाजसेवी एवं पूर्व छात्र नेता आनंद चौरसिया के नेतृत्व में स्वागत किया गया। वहीं, ढुल्लू महतो के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बेकारबांध में पुरुषों और महिलाओं की भारी भीड़ चिलचिलाती धूप में भी उमड़ी भीड़ थी। यह देख ढुल्लू महतो ने सभी से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। ढुल्लू महतो ने मंच से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पति व विधायक अनूप सिंह पर जमकर जुबानी हमला किया। साथ ही झारखंड सरकार की भी आलोचना की। इस अवसर पर ढुल्लू महतो ने वादा किया कि चुनाव जीते तो धनबाद में लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने का हर संभव प्रयास व सहयोग करेंगें। धनबाद में एयरपोट के साथ ही एक बड़ा अस्पताल का निर्माण भी करवाने का आश्वासन दिया। लगे हाथ धनबाद को अपराध मुक्त होने की बात कही। वहीं, समाजसेवी आनंद चौरसिया ने सभी मतदाताओं से 25 मई को सभी कार्य छोड़कर सबसे पहले ढुल्लू महतो के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मंच संचालन मनोज यादव ने किया। इस मौके पर अमरजीत चंदवंशी, सुनील सिन्हा, लक्ष्मण यादव, अमित गुप्ता, अशोक मालाकर, संतोष कुमार, पप्पू खटिक, सुनील ठाकुर, अजय कांत सिन्हा आदि उपस्थित थे।



बेकारबांध के गुप्तेश्वर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल ढुल्लू महतो।

## 'अपराध व प्रदूषण मुक्त' बनेगा धनबाद : ढुल्लू

#### बोकरो में विभिन्न जगहों पर जनसंपर्क कर मांगा वोट

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** भय और माफियाराज से धनबाद की जनता को मुक्त कराने के लिए इस बार देश में भाजपा की सरकार बनना आवश्यक है। पूरे देश में अब तक धनबाद की पहचान वासेपुर के माफियाओं की वजह से होती रही है। जिसे समाप्त कर धनबाद में विकास के किर्तिमान स्थापित की जाएगी, ताकि धनबाद की नई पहचान बन सके। उक्त बातें भाजपा प्रत्यासी ढुल्लू महतो ने कही। वे रविवार को धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की इस लोकसभा चुनाव में विपक्ष में मंच पर ऐसे-ऐसे लोग एक साथ दिख रहे हैं जिनका दूर-दूर तक कोई रिश्ता ही नहीं रहा है। सभी माफिया, असामाजिक तत्त्वों के संरक्षक धनबाद की छवि को धूमिल करने के लिए एकजुट हो रहे है। इस बार भाजपा का संकल्प है कि आतंकवाद और माओवाद मुक्त भारत बनाना है। वैसे ही धनबाद को माफियामुक्त करने का मेरा संकल्प है। ढुल्लू महतो ने कहा कि इस बार धनबाद की जनता के समर्थन से अगर जीत कर सांसद बनता हूं तो धनबाद में प्रदूषण की समस्या को खत्म करने और 'प्रदूषण मुक्त धनबाद' के लिए कार्य किया जाएगा। अपने जनसंपर्क के तहत ढुल्लू महतो ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र के बोकारो अंतर्गत चास प्रखंड के पिंडरा जोरा में आयोजित हरि कीर्तन में भी शामिल हुए। विनोद बिहारी चौक पर गोप समाज द्वारा आयोजित बैठक में भी शामिल हुए। उसके बाद उन्होंने बोकारो के सेक्टर 4 स्थित मिलन होटल में बोकारो व्यावसायिक संघ के साथियों से मुलाकात की। सभा में विभिन्न संघ जायसवाल समाज, सोनकार समाज, महोरी समाज, पटेल सेवा संघ, सिटी सेंटर ट्रेड एसोसिएशन, सिटी सेंटर फुटपाथ दुकानदार संघ, गांधी विचार मंच, धोबी मोहल्ला नेपाली पाड़ा, गुमला कॉलोनी के प्रबुद्ध लोग जिम्मेदारी निभाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने में समर्थन देकर अपनी सहभागिता निभाने की बात कही। वहीं, दौरे के दौरान उन्होंने विनोद बाबू और चंद्रशेखर आजाद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा उन्होंने धनबाद विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 19 पांडर पाला दास बस्ती, झारूडीह, मालीपट्टी, धैया, झंडा चौक ठाकुर कुल्ही आदि कई स्थानों में नुक्कड़ सभा को संबोधित कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। बारामूडी में राष्ट्रवादी कायस्थ विचार मंच की सभा में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश जी के साथ जनसंवाद कर 25 मई को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान की अपील की। इस मौके पर गोप समाज के अध्यक्ष शेखर गोप, राज किशोर गोप, नितेश गोप, जदु गोप, राजू गोप आदि उपस्थित रहे।

## अबकी बार 400 का आंकड़ा पार करेगी भाजपाः अमरेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पक्ष में सबसे बड़े श्रमिक कॉलोनी भूली में रविवार को मतदान के लिए सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिलकी अगुवाई भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह भूली मण्डल की सुमन सिंह ने की। जनसंपर्क अभियान के तहत वरिष्ठजन एवं पहली बार मतदान करने वालों से आत्मीय मुलाकात कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। अमरेश सिंह ने भूली मंडल में घर-घर जाकर भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के चुनाव चिन्ह कमल छाप पर बटन दबाने की अपील की। इसी क्रम में 10 ऐसे युवा मिले जो पहली बारमतदान करेंगे। उनसे मिलकर मतदान के संदर्भ में उनकी सोच की जानकारी ली और राष्ट्र के भविष्य के आलोक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी भाजपा को जीतने की अपील की। इस दौरान बूथ नंबर 6 के सबसे बुजुर्ग 107 वर्षीय माता जी से आशीर्वाद लेकर अंतिम पड़ाव में गुरु चरण के आवास पर चाय पर कार्यक्रम की समाप्ति की गई। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र ओझा, मानस रंजन पाल, जितेंद्र कुमार, सुमन कुमार सिंह, ललन मिश्रा, बबलू सिंह, अशोक गुप्ता, कमल किशोर, प्रयाग रविदास, गुरु चरण सिंह, अखिलेश यादव, प्रवीण शर्मा आदि शामिल थे।

### मंडल कारा में जेल अदालत एवं कर्तव्य परियोजना पर जागरूकता शिविर आयोजित

## धनबाद मंडल कारा से रिहा किये गये दो विचाराधीन बंदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झालसा के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के आदेश॰ रविवार को धनबाद मंडल कारा में जेल अदालत का आयोजन किया गया। ऋ१ जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने बताया कि इस दिन जेल अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, रेलवे के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार एवं न्यायिक दंडाधिकारी मोसरत जिया तारा की उपस्थिति में मंडल कारा पाल दिनेश वर्मा द्वारा जेल अदालत के लिए चिन्हित कूल चार बंदियों को पीठासीन न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष हाजिर कराया। इनमें से दो बंदी समीर खान उर्फ भोला और पूरन हाड़ी को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला और न्यायिक दंडाधिकारी मोसरत जिया तारा ने रिहा करने का निर्देश दिया। रेलवे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय से दो बंदियों की हिरासत अवधि पूरा नहीं होने के कारण उनको रिहा नहीं किया गया। साथ ही डालसा सचिव द्वारा जेलर को झालसा के गाइडलाइन की तर्ज पर कई आदेश दिये गए जिसमें उन सभी विचाराधीन कैदियों जिनके बेल हो चुका है और न्यायालय में बेल बांड फर्निश नहीं किया गया है वैसे कैदियों को चिन्हित कर डीएलएसए कार्यालय को सूचित करें। दूसरे जिले में बंद बंदियों को चिन्हित कर सूची को डीएलएसए कार्यालय को उपलब्ध कराए, ताकि उन सभी बंदियों को समय-समय पर उनके केस स्टेटस कोडीएलएसए द्वारा बताया जा सके। वैसे बीचाराधीन कैदियों जिनको इंटरमीडिएट एवं उच्च स्तरीय पढ़ाई-लिखाई की आवश्यकता है उसकी सूची डीएलएसए को उपलब्ध कराए, जिससे इग्नू और जैक कार्उसिल से संपर्क कर उनके आगे की पढ़ाई की व्यवस्था की जा सके। साथ ही विचाराधीन और सजायात कैदियों की पढ़ाई के लिए स्पेशल रूम एवं स्मार्ट बोर्ड की व्यवस्था करने, विचाराधीन और सजायात कैदियों के लिए मंडल कारा में वोकेशनल ट्रेनिंग की व्यवस्था, ई - कोर्ट और कियोस्क का व्यवस्था डीएलएसए द्वारा मंडल कारा में किये जाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे मंडल कार में पुरुष और महिला डॉक्टर, पारा मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता, मंडल कारा में साफ-सफाई , स्वास्थ्य संबंधी और कैदियों के लिए कौशल विकास की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक अरुण कुमार, अरविंद कुमार, अजय रजक, एलएडीसीएस सहायक कन्हैया ठाकुर, नीरज गोयल आदि थे।

## ढुल्लू महतो काम करने वाले नेता हैं : सावित्री



#### कहा- बोकारो की बेटी हूं, यहां के लोग मुझे निराश नहीं करेंगे और ढुल्लू महतो को वोट देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** धनबाद लोकसभा सीट से एनडीए के प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में उनकी पत्नी सावित्री देवी ने रविवार को जन आशीर्वाद यात्रा निकाल कर बोकारो विधानसभा क्षेत्र के कई गांव-टोला का भ्रमण किया। चास आइटीआई मोड, फोरलेन से चौक, एलईडी नवादा कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी, सूर्य चौक से अंबेडकर नगर स्वामी विवेकानंद रोड होते हुए चेसमैन रोड से कैलाश नगर तक का यात्रा किया। इस दौरान सावित्री ने नवादा कॉलोनी, अंबेडकर नगर और कैलाश नगर में आयोजित विशाल सभा को संबोदित किया। कार्यक्रम का आयोजन मनोज राय ने किया था, जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर परिंदा सिंह और संचालन बनमांली दत्ता ने किया। अपने संबोधन में सावित्री देवी ने कहा कि आपका प्रत्याशी ढुल्लू महतो काम करने वाले नेता है। इसीलिए वह लगातार तीन बार से बाघमारा विधानसभा से जीत कर विधायक चुने जा रहे हैं। उनका काम बोलता है। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाती हूं की आपके क्षेत्र की जो भी समस्याएं होगी चाहे पानी-बिजली हो नाली-सड़क हो सबका समाधान किया जाएगा। मोदी जी ने नारी को सफल बनाने के लिए अनेक काम किया। कहा कि आने वाले वर्ष युवाओं और महिलाओं का होगा। भारत 2047 तक विकसित भारत बनेगा। कहा कि मैं बोकारो की बेटी हूं। मुझे आप लोग निराश नहीं करेंगे और अपना बहुमूल्य वोट कमल फूल पर देकर भाजपा को जीतायेंगें। वहीं, डॉक्टर परिंदा सिंह ने कहा कि भाजपा जो कहती है वही करती है। इस मौके पर मनोज राय, देबू पाल, बनमाली दत्ता, प्रोफेसर आईडी उपाध्याय, अमर स्वर्णकार, संजय प्रमाणिक, आकाश प्रमाणिक, जितेंद्र रजक, पुनीता देवी, प्रमिला देवी सुकन्या देवी सरस्वती देवी आदि मौजूद थीं।

## आइएनडीआइए गठबंधन ने मथुरा महतो के पक्ष में किया जनसंपर्क



आजाद सिपाही संवाददाता

**बैदकारो/बेरमो।** प्रखंड के संडे बाजार में रविवार को आइएनडीआइए गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने गिरिडीह लोकसभा सीट से प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। इसमें कांग्रेसी नेता सुबोध सिंह पवार, वीरेंद्र कुमार सिंह, सीपीआई के आफताब आलम खान, झामुमो नेता संतोष महतो, माकपा नेता मनोज पासवान, भाकपा-माले नेता रघुवीर राय शामिल रहे। महागठबंधन के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने संडे बाजार, डब्ल्यू डी कॉलोनी, बेरमो बस्ती, नीचे क्वार्टर,आर टाइप क्वार्टर, बद्री फाइल, धनेश फाइल का दौरा कर मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में मतदान कर जीत दिलाने की अपील की. इस दौरान वक्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार की जमकर आलोचना की। मौके पर शोमुवा के मुन्ना सिंह, श्याम कुमार मुंडा, श्रमिक प्रतिनिधि किशोर कुमार, जयनाथ तांती, राजू मिश्रा, रतन निषाद, गणपत रविदास, मनोज कुमार पासवान, सोनू कुमारी, ज्योति कुमारी आदि उपस्थित थे।

## पेयजल की मांग को 500 से अधिक ग्रामीणों ने निकाली आक्रोश रैली



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के गोपीनाथपुर पंचायत क्षेत्र में 500 से अधिक ग्रामीणों ने रविवार को पेयजल की मांग को लेकर हल्ला बोल दिया। छह दशक से पेयजल की त्रासदी झेल रहे बाउरी टोला एवं आदिवासी टोला के अलावे शिवडंगाल और चपरासी धौड़ा के ग्रामीणों ने पूरे पंचायत क्षेत्र में आक्रोश रैली निकाली। विभिन्न गांव, टोला व मुहल्ला में घूम-घूम कर जल दो वोट लो का नारा लगाया। इसकी सूचना पाकर मुखिया एवं एग्यारकुंड बीडीओ मधु कुमारी मौके पर पहुंच गयी जिन्हें ग्रामीणों के आक्रोश को झेलना पड़ा। पहले तो ग्रामीण किसी की भी बात सुनने को तैयार नहीं थे। तब बीडीओ ने कहा कि उनके पास जादू की छड़ी नहीं है कि इस बड़ी समस्या का समाधान मिनटों में हो जायेगा। इसके बाद समझाने बुझाने पर ग्रामीण शांत हुए। तय हुआ कि मंगलवार को ग्रामीणों के साथ बीडीओ की बैठक होगी। जिसमें ग्रामीणों से सुझाव लेकर पेयजल समस्या का स्थायी समाधान की ठोस पहल की जायेगी। मौके पर निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार भी थे।

## मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील

**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जैनामोड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने रविवार को बाजार के चौक-चौराहों पर मतदान जागरूकता अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाली। जिसका नेतृत्व चेंबर के अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। उन्होंने जैनामोड़ बाजार के व्यवसायियों से लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। कहा कि अपना मतदान जैसे अधिकार का प्रयोग कर संविधान को सुरक्षित रखने में सहयोग करें। मौके पर रंजीत महतो, रामविलास मंडल आदि मौजूद थे।

# आज ओड़िशा विधानसभा की 35 सीटों पर होगा मतदान, तैयारी पूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** सोमवार को होने वाले पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग पूरी तरह से तैयार है। इस चरण में 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 49 संसदीय क्षेत्रों में मतदान होगा। ओड़िशा विधानसभा की 35 विधानसभा सीटों के लिए भी एक साथ मतदान होगा। आरामदायक और सुरक्षित वातावरण में मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदान केंद्र में पर्याप्त छाया, पीने के पानी, रैंप, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं के साथ मतदाताओं के स्वागत के लिए तैयार हैं। संबंधित



सीइओ, डीइओ और राज्य प्रशासन को उन क्षेत्रों में विशेष उपाय करने की सलाह दी गयी है, जहां तापमान वृद्धि की भविष्यवाणी की गयी है। पोलिंग पार्टियों को मशीनों और चुनाव सामग्री के साथ उनके संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में मतदान कर जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है। लोकसभा चुनाव 2024 में अब तक मतदान केंद्रों पर करीब 66.95 फीसदी वोटिंग हो चुकी है। वर्तमान आम चुनाव के पहले चार चरणों में लगभग 451 मिलियन लोग पहले ही अपना वोट डाल चुके हैं। पांचवें चरण में बिहार, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, झारखंड, महाराष्ट्र, ओड़िशा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में वोटिंग होगी।

## पांच लोस और 35 विस क्षेत्रों में 33,000 पुलिसकर्मी तैनात



भुवनेश्वर। सोमवार को देश में पांचवें और राज्य में दूसरे चरण का मतदान है। रविवार को पुलिस महानिदेशक अरुण षड़ंगी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राज्य के पांच लोकसभा और 35 विधानसभा क्षेत्रों में दूसरे चरण के मतदान के लिए कुल 33,000 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें से 102 कंपनियां केंद्रीय बल भी हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी एक अतिरिक्त एसपी होगा। मतदान होने वाले कुल 9,162 मतदान केंद्रों में से 556 नक्सल प्रभावित क्षेत्र हैं। इसलिए इन बूथों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। 11 जिलों की सीमाओं पर 48 जांच चौकियां स्थापित की गयी हैं। इसी तरह पुलिस महानिदेशक ने एसपी को परेशानी पैदा करनेवालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, क्योंकि चुनाव के दौरान शून्य सहिष्णुता की नीति अपनायी जा रही है।

# एलवी प्रसाद आइ इंस्टीट्यूट का 'व्हिटाथॉन' वॉक भुवनेश्वर में

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** एलवी प्रसाद आई इंस्टीट्यूट (एलवीपीइआइ) ने बच्चों में रेटिनोब्लास्टोमा (नेत्र कैंसर) का शीघ्र पता लगाने और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 19 मई को 'व्हिटाथॉन' वॉक के छठे संस्करण का आयोजन किया। यह आयोजन विश्व रेटिनोब्लास्टोमा जागरूकता सप्ताह की याद दिलाता है, जो हर साल मई महीने के दूसरे और तीसरे रविवार के बीच मनाया जाता है। इस वर्ष 180 से अधिक उत्साही प्रतिभागी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और इस आयोजन के लिए एक मजबूत सामुदायिक समर्थन प्रदर्शित किया।

रेटिनोब्लास्टोमा एक दुर्लभ नेत्र कैंसर है, जो मुख्य रूप से तीन साल से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करता है। उपचार में आमतौर पर कई महंगी प्रक्रियाएं और सर्जरी शामिल होती हैं, जिसमें कई महीनों से लेकर वर्षों तक बारीकी से निगरानी की जाती है। पिछले एक दशक में, एलवीपीइआइ ने इस नेत्र कैंसर से प्रभावित 2500 से अधिक बच्चों का इलाज किया है, जिनमें से लगभग 60-65% रोगियों का इलाज मुफ्त में किया गया है। सालाना, संस्थान रेटिनोब्लास्टोमा के 150 से 200 नए मामलों का इलाज करता है, जिनमें से लगभग 40% उन्नत चरण में और लगभग 10% बहुत उन्नत चरण में होते हैं। ये संख्याएं बीमारी के बारे में जागरूकता की कमी के साथ-साथ आवश्यकता को भी रेखांकित करती हैं। इसे समुदाय के भीतर प्रचारित करें। इन बच्चों के लिए बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए शीघ्र पता लगाना और उपचार महत्वपूर्ण है। विलंबित निदान और उपचार से घातक परिणाम हो सकते हैं।

व्हिटाथोनिस एलवीपीइआइ के वार्षिक कारण-संबंधित कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में जीवन और दृष्टि के लिए खतरा पैदा करने वाले नेत्र कैंसर रेटिनोब्लास्टोमा के शीघ्र निदान और उपचार के लिए जागरूकता बढ़ाना है। यह आयोजन शीघ्र पता लगाने के महत्व पर प्रकाश डालता है, क्योंकि यदि शुरूआत में ही इलाज किया जाये, तो यह कैंसर पूरी तरह से ठीक हो सकता है। रेटिनोब्लास्टोमा का प्रमुख लक्षण बच्चे की आंख में एक सफेद प्रतिवर्त है, जिस पर तत्काल चिकित्सा ध्यान देने की आवश्यकता है। इस प्रतिवर्त को एक सफेद या पीली-सफेद चमक के रूप में देखा जाता है, जो बच्चे की आंख की पुतली (केंद्रीय काला भाग) में दिखायी देती है जब उस पर प्रकाश पड़ता है।

व्हिटथॉन की सफलता का श्रेय समुदाय, प्रायोजकों और कई स्वयंसेवकों की भारी भागीदारी और समर्थन को दिया जाता है। इस वर्ष के लिए भुवनेश्वर में कार्यक्रम के समर्थक और प्रायोजक मैनकाइंड फार्मास्यूटिकल्स, माइक्रो लैब्स लिमिटेड, एंटोड फार्मास्यूटिकल्स, सनवेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और आरोह फाउंडेशन, कोयंबटूर हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी का आज पुरी में रोड शो





- अमित शाह कल चुनावी सभाओं को सबोधित करेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार शाम को दो दिवसीय ओड़िशा दौरे पर पहुंचेंगे। 20 को वह पुरी में महाप्रभु श्रीजगन्नाथजी के दर्शन करने के साथ-साथ एक रोड शो करेंगे। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष गोलक महापात्र ने जानकारी दी कि पुरी के बाद प्रधानमंत्री 9.30 बजे अंगुल में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर 11.30 बजे वह कटक में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। 21 को केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ओडिशा दौरे पर आयेंगे। वह संबलपुर, केंदुझर, परजंग और नयागढ़ में चुनावी सभाओं को सबोधित करेंगे।

# निमापाड़ा विधायक समीर रंजन भाजपा में शामिल

- प्रधानमंत्री मोदी के विकास ने उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया : समीर दास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के इरादे से 8 महीने से हर दिन विभिन्न दलों के नेता, मंत्री, सांसद और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उसी तरह ओड़िशा की जनता का लक्ष्य ओड़िशा में गैर उड़िया सरकार को पूरी तरह से नष्ट कर भाजपा की सरकार बनाना है। बीजू जनता दल 25 वर्षों से अन्याय, अनीति, भ्रष्टाचार चला रही है, व्यभिचारी शासन को हटाने के लिए ओड़िशा की जनता जागरूक हो चुकी है। इस चुनाव को लड़ने की जिम्मेदारी आम जनता ने ली है। युवाओं, किसानों और महिलाओं की उन्नति के लिए भाजपा सदैव संकल्पित है। प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने कहा कि नवीन ने 25 वर्षों में जो नहीं किया, वह भाजपा सत्ता में आयी, तो 5 वर्षों में करेगी।

पुरी जिले के निमापड़ा विधायक और पूर्व मंत्री समीर रंजन दास आज प्रदेश कार्यालय में आयोजित विलय उत्सव में अपने



सैकड़ों समर्थकों के साथ आधिकारिक तौर पर बीजद छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये। श्री दास के साथ नीमापड़ा एनएसी के पूर्व अध्यक्ष जीवानंद महापात्र, राज्य पूर्व युवा संपादक अक्षय कुमार बेहेरा, पूर्व एनएसी अध्यक्ष सनातन प्रधान, पूर्व राज्य पार्षद अशोक कुमार महांति, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक साहू के समेत अनेक कर्मी आधिकारिक तौर पर भाजपा में शामिल हो गये हैं। श्री दास ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास से प्रेरित होकर मैं भाजपा में शामिल हुआ हूं। दलों ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसे मैं पूरी शिद्दत से निभाऊंगा। मैं पहले बीजेपी में था, आज अपने घर लौट आया हूं।

प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, प्रदेश चुनाव अधिकारी विजयपाल सिंह तोमर, नीमापड़ा विधायक प्रत्याशी प्रतिभा परीडा, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सज्जन शर्मा ने प्रमुख को उत्तरीय पहनाकर नये कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। श्री सामल ने 8980808080 नंबर डायल कर नये सदस्यों को पार्टी में शामिल कराया।













वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—


| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !











Admission Open for Session - 2024-25

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY

(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956) Run & Manage Under Vananchal Educational & Welfare Trust

Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand

Most of the Colleges/Courses are NAAC Accredited



CONTACT US
9661462506
6206297213
8789554090

APPROVALS: Established under Jharkhand Govt. Act. No. - 06, 2023 | Recognized under Section 2 (f) of UGC Act | Member of AIU | App. by DCI for Education Programme | App. by NCTE for Education Programme | Recognized Under NCH | App. by AICTE for Education Programme | App. by PCI for D.Pharm B.Pharm | Recognized Under JNRC | App. by JSPC for D.Pharm B.Pharm

BDSU Offers the following Programme

B.H.M.S. M.D. | B.D.S. M.D.S. | B.Ed D.EL.Ed. | PARAMEDICAL | D.Pharm B.Pharm | B.Sc. MLT | ANM GNM | B.Sc. NURSING

**B.Sc. (Medical)**
Microbiology, Biochemistry, Pharmacology
Pathology, Physiology, Anatomy

**M.Sc. (Medical)**
Anatomy, Physiology, Microbiology, Biochemistry, Medical Lab Technology, Pharmacology

**B. Tech**
Civil Engineering
Electrical and Electronics Engineering
Computer Science & Engineering
CSE (Artificial Intelligence)
CSE (Cyber Security)

**Diploma**
Civil Engineering
Mechanical Engineering
Electrical and Electronics Engineering
Computer Science & Engineering
Electrical Engineering

**Library Science**
B.Lib.IS, M.Lib.IS

**Management**
Bachelor of Business Administration (BBA)
Master of Business Administration (MBA)

**Computer Application**
Bachelor of Computer Application (BCA)
Master of Computer Application (MCA)

**Industrial Training Institute (ITI)**
Draughtsman (Civil), Fitter, Welder, Turner, Electrician,
Hospital house keeping, Mechanic Electric Vehicle
Solar Technician (Electrical), Fashion Technology
Computer Operator & Programming Assistant (COPA)

**SPECIAL FEATURE OF BDSU / VEWT**
- Located at NH-75, 5KM of Garhwa Town.
- Green campus spread over more than 100 acres.
- State of art campus.
- Experienced Faculties, Smart Class Rooms.
- Live Research Based Projects.
- Workshops & guest Lecturers.
- Well Equibed Library.
- Modern Laboratories.
- Well furnished Auditorium of 500 seating capacity.
- Transport Facilities.
- Holistic educational procedures.
- Sports & Extra Curriculum activities.
- Excellent Hostel Facilities in Campus.
- Canteen and General Store.
- Guest House Available in campus.
- SBI Bank & ATM facilities available in campus.
- 24X7 Securities in campus including hostels.

For More Details Visit our Website
www.bdsu.ac.in
E-mail : registrar@bdsu.ac.in

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**